www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 1 अप्रैल 2022, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-340 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

आप जिसे बल से नहीं हरा सकते, उसे बुद्धि से अवश्य हरा सकते हो।

आज बेबाक

इसे कहते है उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। बंगाल हिंसा की आग में धधक रहा है। बीरभूम जिले की घटना ने यह साबित कर दिया है कि वहां की पुलिस टीएमसी के गुंडो के आगे लाचार है। महिलाओं और बच्चों को जिंदा जलाकर मार देने वाली इस हृदय विदारक घटना की जांच हाई कोई ने सीबीआई के हवाले की है। इससे तिलमिलाई दीदी खुलेआम दादागिरी पर उतर आई है और सीबीआई को धमकी दे रही है। निर्ममता की पर्याय बन गई ममता सरकार के खिलाफ कार्यवाही करने में केन्द्र सरकार पता नहीं किस शुभ मूहर्त की प्रतिक्षा कर रही है?

महत्वपूर्ण सूचना

दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह के सुधि पाठकों व एजेंटो से यह सूचना बड़े भारी मन से सांझा करना पड़ रहा है कि अखबारी कागज, स्याही, प्लेट, श्रम व अन्य प्रिंटिग सामग्री की कीमतों में बेताहसा वृद्धि के फलस्वरूप समाचार पत्र समूह को भी दिक्कतें हो रही है। अतः प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि सभी संस्करणों के दैनिक समाचार पत्रों की दैनिक कीमत 3 रुपए से बढ़ाकर 4 रुपए की जा रही है। उम्मीद है दैनिक नवप्रदेश के सुधि पाठक एवं एजेंट समाचार पत्र समूह को पूर्ववत सहयोग बनाए रखेंगे।

सधन्यवाद

महाप्रबंधक

सूचना

नवप्रदेश माह मार्च 2022 का मासिक बिल

दिन	दर	राशि
29	3.00	87.00

सभी सुधि पाठक मार्च 2022 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 10 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

\- व्यवस्थापक

सूर्योदय

उदय : 6.14 प्रातः

अस्त : 6.34 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,937,145,300

भारत : 1,404,111,100

बाजार

संसेक्स : 58568.51

निफ्टी : 17464.80

गोल्ड : 52,920 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.61 प्रति नग

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ में हुई धन व नई सौगातों की बरसात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 71.08 करोड़ रूपए की दूसरी किस्त जारी की। साथ ही सीएम बघेल ने किसानों, पशुपालकों, महिला समूहों, तेंदूपत्ता संग्राहक के परिवारों के बैंक खाते में 1125 करोड़ रुपए डाल दिए।

बता दें कि, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त के रूप में राज्य के 20.58 लाख किसानों के खाते में 1029.31 करोड़ रुपए डाल दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य सरकार ने किसानों को उनकी फसल उपज का उचित मूल्य देने, फसल उत्पादकता में वृद्धि और फसल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजस्व प्रकरणों के समीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का विस्तार नगर निगमों के बाद अब नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों तक किया जा रहा है। इसके तहत सीएम बघेल ने 60 नवीन मोबाइल मेडिकल यूनिट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण की समीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया। साथ ही राज्य में सुदृढ़ प्रशासन के लिए 4 नए अनुविभाग एवं 23 नई तहसीलों का शुभारंभ भी किया।

आज सक्ती को 226 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक अप्रैल को जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती विधानसभा क्षेत्र को 226 करोड़ 26 लाख 90 हजार रुपए के 30 विभिन्न कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 13 करोड़ 67 लाख 80 हजार रुपए 11 विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और 212 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत के 19 कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री सक्ती में जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे उनमें 10.79 करोड़ की लागत से निर्मित 4 सड़कों का लोकार्पण करेंगे। इनमें 2.53 करोड़ रुपए की लागत से मरकामगोढी से खुशउडेरा अमलीडीह पहुंच मार्ग, 2.22 करोड़ रुपए की लागत से ग्राम बघौदा से सुखरीकला तक मार्ग, 2.50 करोड रुपए की लागत से ग्राम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में चार नए एसडीएम ऑफिस और 23 नई तहसीलों का सीएम ने किया शुभारंभ

चार नए अनुभाग-

- जगदलपुर जिले में तोकापाल
- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मरवाही
- सूरजपुर जिले में भैयाथान
- गरियाबंद जिले में मैनपुर को नया अनुविभाग बनाया गया है।

नई तहसीलें

- बिलासपुर जिले में सीपत और बोदरी
- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में सकोला (कोटमी)
- जांजगीर-चांपा जिले में अड़भार
- रायगढ़ जिले में सरिया और छाल
- कोरबा जिले में बरपाली, अजगरबहार और पसान
- बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में चांदो, रघुनाथनगर और डोरा-कोचली
- सूरजपुर जिले में बिहारपुर
- बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में सुहेला और भटगांव
- दुर्ग जिले में अहिवारा
- बेमेतरा जिले में नांदघाट
- उत्तर बस्तर कांकेर जिले में सरोना
- दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में बारसूर
- बीजापुर जिले में कुटरू और गंगालूर
- नारायणपुर जिले में छोटे डोंगर और कोहकामेटा

महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि की राशि डेढ़ गुना बढ़ी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाने के लिए बड़ी घोषणा की है। जिसमें 14 नगर निगम को विकास कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही महापौर, सभापति, नगर पालिका और पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के मानदेय को दोगुना करने की घोषणा की है।

दरअसल, नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास हेतु प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं के लिए 5 करोड़ रुपए, नगर पंचायतों के लिए 3 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। इसी प्रकार प्रदेश के 14 नगर निगमों में विकास कार्य के लिए 140 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रकार कुल 579 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाएगी।

वित्तीय शक्तियों को किया दोगुना

वहीं स्थानीय स्वशासन को सशक्त करने की अवधारणा को पूरा करने के लिए सभी नगरीय निकायों के सभी पदाधिकारियों की वर्तमान वित्तीय शक्तियों को दोगुना करने की घोषणा की है। साथ ही प्रदेश के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों की मेहनत और परिश्रम का ही नतीजा है कि छत्तीसगढ़ ने 3 बार लगातार देश के स्वच्छ्तम प्रदेश का खिताब हासिल किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी महापौर, सभापति, नगर पालिका एवं पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों के मानदेय को दोगुना करने की घोषणा की है। साथ ही मुख्यमंत्री ने महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि की राशि को भी डेढ़ गुना करने की घोषणा की है।

लोगों को घरों के नजदीक मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों में संचालित की जा रही मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की सफलता को देखते हुए इस योजना का विस्तार अब नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस योजना के विस्तारित स्वरूप का शुभारंभ 31 मार्च 2022 को करेंगे।

14 नगर निगमों में संचालित 60 MMU एंबुलेंस

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर 2020 को किया गया था। प्रथम चरण में सभी 14 नगर निगमों में 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट एंबुलेंस के जरिए नगर निगम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है।

लाखों मरीजों को मिल रही है मुफ्त सेवा : नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बताया कि योजना के तहत आम नागरिकों को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैंप के माध्यम से परामर्श, उपचार, दवाईयां एवं पैथोलॉजी परीक्षण की सुविधा निःशुल्क ■ शेष पृष्ठ 6 पर

43 नगर पालिका एवं 111 नगर पंचायतों को मिलेगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना विस्तारित स्वरूप में राज्य के 43 नगर पालिका परिषदों एवं 111 नगर पंचायतों लागू हो जाएगी। इससे प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में लोगों को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विभाग द्वारा नगर पालिका और नगर पंचायतों को क्लस्टर में विभाजित कर 60 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएगी।

दाई-दीदी क्लीनिक महिलाओं के चौखट पर उपलब्ध

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत महिलाओं को चौखट पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु दाई-दीदी क्लीनिक प्रारंभ की गई है। दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ 19 नवम्बर 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर किया गया था। दाई-दीदी क्लीनिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की वन्नियार जाति को मिले 10.5% के आरक्षण को किया खारिज

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के वन्नियार समुदाय को दिए गए 10.5 फीसदी के आरक्षण को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी भी समुदाय को आरक्षण देने के लिए जाति ही एकमात्र आधार नहीं हो सकती है। वन्नियार समुदाय को तमिलनाडु में मोस्ट बैकवर्ड कम्युनिटी माना जाता है। जस्टिस एल. नागेश्वर राव और बीआर गवई की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 1 नवंबर को दिए गए फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश दिया। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु सरकार और

पीएमके ने याचिका दायर की थी।

जस्टिस नागेश्वर राव ने कहा कि 2021 में तमिलनाडु सरकार की ओर से बनाया गया यह कानून संविधान की शक्तियों का बेजा इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि इस बात का कोई आधार नहीं बनता है कि वन्नियार समुदाय को अलग श्रेणी में रखा जाए। फरवरी 2021 में वन्नियार समुदाय को मोस्ट बैकवर्ड कम्युनिटी घोषित करते हुए तमिलनाडु विधानसभा में 10.5 फीसदी आरक्षण देने का कानून पारित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

■ **महुआ बीनने गए मां, बेटा व नतिनी की पत्थर से कुचलकर नृशंस हत्या**

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले के कापू थाना क्षेत्र में ट्रिपल मर्डर की खबर सामने आई है। घटना के मुताबिक एक ही परिवार के महिला उसके बेटे व नतिनी की हत्या से हड़कंप मच गया। खून से लथपथ लाश को देखकर पूरा इलाका दहल उठा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह धवईडांड़ गांव निवासी महिला दूहती बाई (65 साल), उसका पुत्र अमृतलाल (30 साल) और मासूम नतिनी अमृता (15 साल) महुआ बीनने के लिए गांव से दूर एक झोपड़ी में कई दिनों से निवास कर रहे थे। आज ग्रामीणों ने तीनों की खून से लथपथ हालत में शव को देखा तो हत्या की खबर जंगल में लगी आग की भांति पूरे क्षेत्र में फैल गयी। गांव के कोटवार ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि अज्ञात कातिल ने भारी पत्थर से तीनों की हत्या कर दी है। फिलहाल हत्यारा पुलिस की पकड़ से बाहर है। घटनास्थल की पुलिस बारीकी से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा के 72 सदस्यों को विदाई

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा का कार्यकाल पूरा करने वाले 72 सदस्यों को आज विदाई दी गयी और उनके उज्जवल भविष्य के साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने की कामना की गयी ।

राज्यसभा का कार्यकाल पूरा करने वालों में भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण , सदन के नेता पीयूष गोयल और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी , कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा , ए के एंटनी , पी चिदम्बरम , अम्बिका सोनी , जनता दल (यू) के नेता और इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मनोनीत सदस्य मेरी कॉम प्रमुख हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदस्यों को विदाई देते हुए कहा कि इस सदन का कार्यकाल पूरा करने वाले कई सदस्य बहुत अनुभवी रहे हैं और कई बार ज्ञान से ज्यादा अनुभव की ताकत होती है। अनुभव से समस्याओं का समाधान सरल तरीके से होता है और गलतियां काफी कम होती है। इन सदस्यों के सदन से जाने के बाद अनुभव की भारी कमी महसूस की जायेगी जिसे पूरा करने की नये लोगों पर जिम्मेदारी होगी। उन्हें पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा ।

गरमा-गरम

संसद में सवाल... बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, तब भी मनरेगा का बजट 2020 की तुलना में इस वर्ष 35 फीसदी कम है

मनरेगा के बजट में लगातार कटौतियां कर रही है सरकार: सोनिया

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार मनरेगा के बजट में लगातार कटौतियां कर रही हैं।

श्रीमती गांधी ने लोकसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान मुद्दा उठाते हुए कहा कि मनरेगा के बजट में कटौती की वजह से वक्त पर भुगतान और नौकरियों की कानूनी गारंटी कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, तब भी मनरेगा का बजट 2020 की तुलना में इस वर्ष 35 फीसदी

कम है। बजट में कटौती के कारण श्रमिकों के भुगतान में देरी हो रही है।

उन्होंने कहा कि जिस मनरेगा का कुछ लोगों ने कुछ वर्ष पहले मजाक उड़ाया था, उसने कोविड काल और लॉकडाउन में करोड़ों गरीब परिवारों को समय से सहायता दी और लोगों की जान बचाने में सकारात्मक भूमिका निभाई।

श्रीमती गांधी ने मांग की कि सरकार मनरेगा के बजट में बढ़ोतरी करे, 15 दिन के भीतर श्रमिकों को उनके काम के बदले भुगतान सुनिश्चित करे और समय पर भुगतान न होने की सूरत में मुआवजे का प्रावधान करे।

श्रीमती गांधी के आरोपों के जवाब में ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय मनरेगा के बजट मात्र 33 हज़ार करोड़ रुपये था जिसे मौजूदा सरकार ने बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये से भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने सिलेंडर-बाइक पर चढ़ाई फूल माला, पूजा भी हुई

पेट्रोल-डीजल-एलपीजी की बढ़ती कीमतों के खिलाफ सड़क पर कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य सांसदों ने पार्टी के 'महंगाई मुक्त भारत' अभियान के तहत पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ गुरुवार को संसद के निकट धरना दिया। इस मौके पर राहुल ने कहा कि सरकार को पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए और किसी भी तरह की वृद्धि नहीं करनी चाहिए, क्योंकि महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीबों व मध्य वर्ग के लोगों पर पड़ रही है।

पार्टी सांसदों ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आरंभ होने से करीब डेढ़ घंटे पहले विजय चौक पर कांग्रेस के महंगाई मुक्त भारत अभियान के तहत धरना दिया। इसमें राहुल गांधी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकारी योजनाओं के तहत उपभोक्ताओं को खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय खाद्य निगम, खाद्य श्रृंखला की आपूर्ति में एक नोडल एजेंसी है जो देश भर में फैले खाद्य भंडारण डिपो के साथ अधिशेष से कमी वाले क्षेत्रों में स्टॉक की पूर्ति कर प्रत्येक उपभोक्ता को खाद्यान्न की आपूर्ति को पूरा करती है. ऐसा ही एक डिपो (एफएसडी कारगिरोड) बिलासपुर में है, जिसके द्वारा बिलासपुर जिले में 18,733 मीट्रिक टन की क्षमता के साथ अन्य क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत उपभोक्ताओं को खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है।

चूंकि छत्तीसगढ़ राज्य विकेंद्रीकृत खरीद योजना (डीसीपी) के तहत है, इसलिए प्रत्येक कल्याण योजना राज्य सरकार द्वारा भारतीय खाद्य निगम समन्वय में भारत सरकार के मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता के तहत कार्यान्वित की जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य में राज्य सरकार अपनी एजेंसी के माध्यम से सीधे किसानों से धान खरीदती है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (MARKFED), अपने स्तर पर स्टोर करता है एवं मिलिंग की व्यवस्था करता है साथ ही TPDS और अन्य कल्याण योजनाओं के लिए CMR के तहत चावल की खपत करता है। राज्य सरकार की ओर से नागरिक अपूर्ति निगम (एनएएन) अपने खरीद केंद्रों के माध्यम से विभिन्न कल्याण योजनाओं (एनएफ एसए, प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, खुले बाजार बिक्री योजनाओं (ओएमएसएस) और गेहूं आधारित पोषण कार्यक्रम) के तहत स्थानीय खपत के लिए सीएमआर को स्वीकार और वितरित करता है। आउटलेट एवं केंद्रीय पूल के तहत कच्चे और उबले चावल के रूप में एफसीआई को राज्य की अनुमानित आवश्यकता के से अधिक सीएमआर की पेशकश की जाती है। पिछले केएमएस (2020-21) के दौरान, एफएसडी कारगीरोड में 24516 मीट्रिक टन चावल की खरीद की गई थी, जिसका आनुपातिक धान 36052.94 मीट्रिक टन आता है। इस खरीद गतिविधि के कारण राजस्व जिला बिलासपुर के लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए, जिन्हें सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के माध्यम से 67 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया। कोविड 19 महामारी के दौरान, एफसीआई ने पांच चरणों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत पीडीएस, प्रवासियों, मजदूरों को मुफ्त में खाद्यान्न की आपूर्ति में प्रमुख भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत जिले के बिस्लापुर में औसतन 81292.56 मीट्रिक

टन खाद्यान्न जारी किया गया है। आपूर्ति किए गए खाद्यान्न भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट एफएक्यू मानकों के हैं। अनाज की गुणवत्ता को उच्च मानकों पर बनाए रखा जाता है और गुणवत्ता को पदानुक्रमित स्तरों पर सुपर चेक किया जाता है। खाद्यान्न के नमूनों को जांच के लिए एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला भेजा जाता है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (स्नस्स्ढ्ढ) द्वारा निर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों के अनुसार गुणवत्ता जांच प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए प्रिंटिंग सुविधा के साथ सटीक डिजिटल नमी (MOISTURE) मीटर शुरू किए गए हैं। इसके अलावा पिसे हुए चावल की उम्र निर्धारित करने और मिल मालिकों द्वारा पुनर्चक्रण/कदाचार की प्रक्रिया को रोकने के लिए, एक मिश्रित संकेतक परीक्षण एक निवारक उपाय के रूप में पेश किया गया है जो स्टॉक की उम्र और ताजगी निर्धारित करता है। टूटी हुई लंबाई की सटीकता को मापने के लिए, संदेह को दूर करने के लिए डिजिटल रीडिंग के साथ डिजिटल डायल कैलिपर को भी सिस्टम में पेश किया गया है। कारगीरोड डिपो में गुणवत्ता की व्यवस्था सख्त, मजबूत और पारदर्शी है। जरूरतमंद क्षेत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्टॉक को एफएसडी कारगीरोड से झारखंड के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचलन कार्य किया गया है। कोविड 19 महामारी (2020-2022) के दो वर्षों के दौरान, विभिन्न सरकारी योजनाओं विशेषकर प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना हेतु खाद्यान्न मांग को पूरा करने के लिए एफएसडी कारगीरोड से झारखंड के विभिन्न स्थानों पर सड़क परिवहन के माध्यम से 29392 मीट्रिक टन (998 ट्रक) खाद्यान्न ले जाया गया है। हाल ही मार्च 2022 में एक पहल में, कारगीरोड के कोटा गुडशेड रेलहेड पॉइंट, से एफएसडी कारगिरोड में रेक का संचलन शुरू हो गया है। एफएसडी कारगिरोड डिपो 16 लाइव सीसीटीवी कैमरों से लैस है और सार्वजनिक डोमेन में लिंक प्रदान किया गया है जिसे कोई भी देख सकता है जो डिपो में एफसीआई संचालन की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अतरिक्त, एफएसडी कारगिरोड में प्रवेश द्वार पर सभी संचालन हेतु वेटब्रिज के गेट पास प्रक्रिया आरम्भ किया जाएगा, जिसमे आने वाले खाद्यान्न की मात्रा को गुणवत्ता विश्लेषण के साथ ही संचालन के लिए तौल किया जाता है और वेट चेक मेमो (डब्ल्यूसीएम) का उत्पादन डिपो ऑनलाइन के माध्यम से डिजिटल रूप से किया जाता है। प्रणाली जो अधिक समय कुशल है और एफसीआई संचालन में पारदर्शिता भी लाती है। क्वालिटी काउंसिल ऑफइंडिया (क्यूसीआई) ने डिपो का व्यापक तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया है और इसने एफएसडी कारगीरोड को 5-स्टार रेटिंग दी है और वेयरहाउसिंग डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी (डब्ल्यूडी आरए) ने डिपो का भौतिक बुनियादी ढांचे की विस्तृत जांच के आधार पर डब्ल्यूडीआरए प्रमाणन भी जारी किया है। डिपो में कर्मचारियों के साथ-साथ मजदूरों की मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता हेतु शौचालय, विश्राम कक्ष और पेयजल की सुविधा पूरी की जा रही है, एफएसडी कारगीरोड जिले के प्रमुख स्थान पर स्थित है जहां से सड़क संचलन और रेल संचलन बहुत सुलभ है जिसके माध्यम से खरीद सीएमआर स्टॉक मिल से लिया जा सकता है, आसपास के गांव से श्रम सुविधा भी पर्याप्त रूप में उपलब्ध है।

न्यूज गैलरी

श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ

■ 2 को कलश यात्रा निकाली जाएगी, 10 अप्रैल तक भागवत कथा का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम सरंगपाल में चैत्र नवरात्री हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक शुरू हो रहा है। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार के स्वर्गीय मिट्ठू राम एवं झेरनीन बाई देवांगन एवं पूर्वजों के पूण्य प्रताप से ग्राम सरंगपाल में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया रहा है। श्रीमद् भागवत पुराण में कथावाचक देव शास्त्री छग की विभुति बाल विदुषी आरती ज्योति दीदी होंगी। संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह ग्राम सरंगपाल में प्रतिदिन कार्यक्रम इस प्रकार है। कथा का समय दोपहर 02 बजे से सायं 05.30 बजे तक रहेगा इसके अलावा 2 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शितला से होकर मंच पर समापन होगा। श्रीमद भागवत पुराण सप्ताह के तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में किशन-उर्वशी देवांगन बन्टी-येनु, मनीष-मंजु देवांगन गौरी देवांगन, लोकित देवांगन एवं बाराबुधीया परिवार जुटा हुआ है।

बॉक्सिंग में दिव्यांश को मिला सिल्वर मेडल

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 15वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन सत विजय आडोटोरियम सेक्टर 5 भिलाई मे किया गया था जिसमें प्रदेश एवं विभिन्न जिलों के 223 मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता मे कांकेर जिला बॉक्सिंग संघ (इंडियन फ इट स्कूल) के चार खिलाड़ियों सीनियर वर्ग में समीर मरकाम, प्रांजल सिन्हा, मिहिर पोटाई, सब जूनियर वर्ग मे दिव्यांश अवस्थी बॉक्सिंग कोच शिवम ठाकुर के नेतृत्व में हिस्सा लिया जिसमें सब जूनियर 55-58 किग्रा वजन वर्ग में सेंट माइकल स्कूल 9वीं के छात्र दिव्यांश अवस्थी ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले एवं विद्यालय का नाम गौरान्वित किया है। दिव्यांश ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशिक्षक शिवम ठाकुर को दिया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि नीरज पाल (महापौर नगर निगम भिलाई) छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष आर राजेंद्रन एवं महासचिव डॉ. दुर्गेश अवस्थी के द्वारा किया गया।

स्कूलों का समय बदला, अब संचालन प्रात: 7.30 से 11.30 बजे तक

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में तेज गर्मी को देखते हुए स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है, जिसके अनुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाएं, हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित की जायेगी। इसी प्रकार ऐसी शालाएं जहां कक्षाऐं दो पालियों में संचालित होती है। वहां प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालायें प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक और हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक संचालित किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि यह आदेश 01 अप्रैल से प्रभावशील होगा। उन्होंने बताया कि राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र को 14 मई 2022 तक बढ़ा दिया गया है।

प्रभारी प्राचार्य को शासन ने किया निलंबित

सूरजपुर/नवप्रदेश। अरूण पाण्डेय प्रभारी प्राचार्य मूल पद व्याख्याता (एलबी) शासकीय उच्चतर माध्यमिक चन्द्रमेढ़ा, विकास खण्ड भैयाथान जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ द्वारा अवचार पूर्ण व्यवहार किये जाने के फलस्वरूप पाण्डेय का यह कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (1) (एक) (दो) (तीन) तथा 3 (ख) के (ख) के विपरीत है। छग सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत अरूण कुमार पाण्डेय, प्रभारी प्राचार्य मूल पद व्याख्याता (एलबी) को एतद द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। श्री पाण्डेय को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाहत भत्ते की पात्रता होगी, निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सूरजपुर नियत किया गया है।

सूने मकान से चोरी, 3 चोरों को माल सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। 17-18 मार्च की दरमियानी रात में शीतला पारा कांकेर स्थित राजू गोसाई के सूने मकान में ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ लिया है। इस चोर गिरोह से पुलिस ने चोरी का समान भी बरामद किया है। चोरी करने के बाद तीनों आरोपियों ने आपस में सोने चांदी के जेवरात बांट लिए थे। प्रार्थी राजू गोसाई पिता निवासी शीतला पारा कांकेर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि की वे पूरे परिवार सहित 16 मार्च को जगन्नाथ पुरी दर्शन करने गए थे। 21 को वापस आए तो प्रार्थी ने देखा कि शीतला पारा स्थित उनके मकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर मकान

में प्रवेश कर कोई अज्ञात चोर घर के अलमारी में रखा हुआ 1 जोड़ी सोने का बाली 1 जोड़ी सोने की छोटी बाली एक सोने का लॉकेट 1 जोड़ी चांदी का कड़ा टीम चांदी का सिक्का चांदी का बिछिया एवं आर्टिफि शियल ज्वेलरी झुमका टॉप लॉकेट एवं गुल्लक में रखा लगभग 1000 नकदी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसकी रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की थी। थाना कांकेर पुलिस एवं साइबर सेल संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पता चला घटनास्थल के आसपास लगाए गए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया एवं विभिन्न कैमरों को फुटेज भी खंगाले गए संदिग्ध की पहचान होने पर संदिग्धों से पूछताछ किया पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी रवि पिता रुद्रेश्वर ठाकुर 30 वर्ष निवासी शीतला पारा कांकेर गंगाराम सारथी पिता स्व मेवालाल सारथी उम्र 42 वर्ष निवासी रामनगर कांकेर, आरोपी भूषण सार्वा उर्फ पप्पू पिता विष्णु सार्वा उम्र 33 वर्ष रामनगर कांकेर को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है।

कोड़ेकुर्से में होगी विद्युत उप केन्द्र की स्थापना

कांकेर/नवप्रदेश। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड अंतर्गत कोटरी नदी के किनारे बसे ग्राम कोड़ेकुर्से में 33/11 केव्ही विद्युत उप केन्द्र की स्थापना की जायेगी जिससे क्षेत्र के 30 गांवों के विद्युत समस्या स्थायी रूप से हल हो जायेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीक कंपनी लिमिटेड भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता डी.आर उर्वशा ने बताया कि कोड़ेकुर्से में विद्युत उप केन्द्र की स्थापना के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है। इस उप केन्द्र का निर्माण कार्य निकट भविष्य में प्रारंभ कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोड़ेकुर्से क्षेत्र के सभी 30 गांवों की विद्युत व्यवस्था इस विद्युत उप केन्द्र से संचालित होगी। तत्पश्चात उक्त सभी ग्रामों में विद्युत अवरोध, लो-वोल्टेज की समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल जायेगा। कार्यपालन अभियंता श्री उर्वशा ने बताया कि गत दिवस ग्राम भुस्की में बीएसएफ कैंप के समीप सूखे वृक्ष के जड़ में आग लगने से उक्त वृक्ष के 132 के.व्ही. लाईन पर गिरने के कारण लाईन का तार एवं टावर क्षतिग्रस्त हो गया एवं टूटे हुए तार अगल-बगल से गुजर रही दो 33 के.व्ही लाईन व एक 11 लाईन के.व्ही. लाईन कोड़ेकुर्से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी एवं विद्युत पारेषण कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सुधार कर विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल कर दी गई है।

बिना टैक्स भुगतान सड़कों पर दौड़ाई गाड़ी तो आरटीओ विभाग करेगा जब्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला में आरटीओ द्वारा 31 मार्च 2022 के बाद सड़क में यदि बिना टैक्स भुगतान किये गाड़ी सड़को में दौड़ती है तो उसकी जवाबदारी सिर्फ वाहन के मालिक की होगी तथा उस वाहन को जप्त नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस नए नियम के तहत आरटीओ के नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 ट्रकों के मालिकों को पूर्व में ही नोटिस जारी किया गया है। आरटीओ द्वारा इस तरह से पहला नियम बनाया गया है। जिसका मुख्य कारण ट्रकों के मालिक द्वारा टैक्स नही भुगतान करना एवं अवैध परिवहन को रोकना, ट्रकों के मालिक द्वारा बिना नियम के अगर अपना व्यवसाय जारी रखता है, तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बस्तर जिला में लोहा खदान, रेल लाइन तथा नगरनार स्टील प्लांट होने के कारण से कई ट्रक द्वारा यहां आवाजाही जारी रहता है। विगत कई वर्षो से जगदलपुर से रायपुर तथा अन्य क्षेत्रों से रायपुर एवं अन्य क्षेत्रों के कारोबारियों के द्वारा भारी वाहनों का बस्तर जिला के खदानों में लगाया गया है। जिसमें कई ट्रक बिना आरटीओ के नियमों का पालन अपना व्यवसाय जारी रख रहे हैं जिसके कारण इस नई नियम का शुरुआत किया गया है।

भूसा गाड़ी पलटने से एक मजदूर की मौत, 4 घायल

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा रोड में केरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुम्हड़इन मंदिर के पास भूसा गाड़ी पलटने से उसमें सवार एक मजदूर की मौत हो गई। ड्राइवर सहित चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, इसमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों में गुरेंद्र साहू पिकरीपार, चेतन साहू बरबसपुर, फकीर साहू पेंड्री और संतराम साहू बरबसपुर हैं। लोमन ठाकुर की मौत हो गई।

जिला बाल संरक्षण एवं टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्दन कुमार की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण एवं टॉक्स फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़कों में रहने वाले एवं पीएम केयर बालकों की पहचान कर ऐसे बालकों के चिकित्सीय, शैक्षणिक और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिन्हाकित बालकों को प्रतिमाह 02 हजार रूपये की स्पान्सर-शीप योजना के तहत सहायता राशि प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। लैगिंक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के तहत ऐसे पीड़ित बालिकाओं को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही ऐसी बालिकाओं को शैक्षणिक संस्था के द्वारा चिन्हांकन करने के लिए निर्देशित भी किया गया। बैठक में जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा में त्रैमास में किये गये कार्यों की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें बताया गया कि लैंगिक अपराधों से संबंधित 02 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराया गया तथा बाल विवाह रोकने हेतु

जन जगरूकता अभियान चलाया गया एवं प्रशिक्षण दिये गये। जिले में 47 बच्चों का पुर्नवास किया गया तथा भावी दत्तक माता-पिता की संख्या 37 है। बैठक में सी थ्री संस्था के समन्वयक द्वारा डीआरजी ग्रुप गठन व कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया, उप संचालक पंचायत कमल सिदार सहित समाज कल्याण, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

सरोना नया तहसील, लोगों को 22 किमी नही चलना पड़ेगा

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय रायपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कांकेर जिले के नवीन तहसील कार्यालय सरोना का शुभारंभ किया। इस नये तहसील के शुरू होने से जनता और शासन-प्रशासन के बीच की दूरी कम होगी। सरोना क्षेत्र के ग्रामीणों को अब राजस्व संबंधी कार्यो के लिए नरहरपुर नहीं जाना पड़ेगा तथा राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण सरोना में ही होगा। उल्लेखनीय है कि नवीन तहसील सरोना पूर्व में नरहरपुर तहसील का हिस्सा था, जिसे 2007 में उप तहसील बनाया गया था। इस नवीन तहसील का कुल राजस्व क्षेत्रफल 29,174.79 हेक्टेयर है तथा यहां की जनसंख्या

2011 के अनुसार 55,815 है। इस तहसील में कुल 61 ग्राम एवं 37 ग्राम पंचायत तथा 18 पटवारी हल्का और दो राजस्व निरीक्षक मंडल सरोना एवं दुधावा में है। दुधावा में पुलिस चौकी तथा सरोना में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है। नवीन तहसील कार्यालय सरोना के वर्चुअल शुभारंभ अवसर पर अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, कलेक्टर चन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, श्यामा ध्रुवा एवं सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, जनपद पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, नगर पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष प्यारी सलाम, जनपद सदस्य चिन्तामणि रामटेके, चन्द्रकांत ध्रुवा, गफ्फार मेमन, ग्राम पंचायत सरोना के सरपंच सूरज कोर्राम, उप सरपंच पुष्कर साहू, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव, जनपद सीईओ पीके गुप्ता, तहसीलदार नरहरपुर अखिलेश ध्रुव, सरोना तहसीलदार नीरज कुमार सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जल संसाधन विभाग में अफसरों की नई पदस्थापना

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज के नव पदस्थ कार्यपालन अभियंता संजय ग्रायकर के द्वारा संभाग के अधीन कार्यरत राजेंद्र प्रसाद सिंह प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी संरक्षण एवं अनुसंधान उप संभाग रामानुजगंज को मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कथा जल संसाधन विभाग अंबिकापुर के परिपालन में पुराने आदेश को शिथिल किया। उप अभियंता आसिफ तिर्की को अतिरिक्त प्रभार दिया। वहीं 8 वर्षों से अपने गृह ग्राम में पदस्थ उप अभियंता सुजीत गुप्ता को उप अभियंता जल संसाधन उप संभाग क्रमांक 1 बलरामपुर में पदस्थ किया गया। जल संसाधन संभाग क्रमांक दो रामानुजगंज में पदस्थ उप अभियंता राजेंद्र प्रसाद सिंह को कार्यपालक अभियंता उमाशंकर राम के द्वारा प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सर्वेक्षण उप संभाग रामानुजगंज बनाया गया था वही उप अभियंता सुजीत गुप्ता को 4 सबडिवीजन में कार्य के लिए आदेशित किया गया था। कार्यपालन अभियंता उमाशंकर राम के आदेश को लेकर छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए इसका विरोध किया था वह कनिष्ठ उप अभियंता राजेंद्र प्रसाद सिंह को अधिकारी सर्वेक्षण उप संभाग रामानुजगंज से हटाने की मांग कलेक्टर से की थी वही सुजीत गुप्ता पर भी विभाग के अनुभाग अधिकारियों एवं उप अभियंताओं ने गंभीर आरोप लगाए थे बैठक कर सुजीत गुप्ता पर अनुभाग अधिकारी से सांठगांठ कर व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति के लिए कार्य करने का आरोप लगाया था। दोनों के नियुक्ति से ही विवाद गहराता जा रहा था जनप्रतिनिधियों एवं डिप्लोमा इंजिनियर्स एसोसिएशन के द्वारा भी दोनों को लगातार हटाए जाने की मांग की जा रही थी इस बीच नव पदस्थ कार्यपालन अभियंता संजय ग्रायकर के द्वारा का संभाग के अंतर्गत स्थानांतरण किया गया।

जरुरतमंदों का अंतिम संस्कार कर रही जन सहयोग समाजसेवी संस्था

कांकेर/नवप्रदेश। अक्सर सुना है जिसका कोई नहीं होता उसका तो खुदा है यारो, इस कहावत को छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर में जन सहयोग समाजसेवी संगठन चरितार्थ कर रही है। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी निस्वार्थ भाव से लावारिश लाशों के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लोगों का अंतिम संस्कार कर मानवता का मिसाल पेश कर रही है। इस समाजसेवी संस्था ने अब तक करीब 100 से 150 लावारिश लाश के अलावा पैसे के अभाव वालो का अंतिम संस्कार कर मानवता की मिशाल पेश कर चुके हैं। 31 मार्च को जनसहयोग समाजसेवी सेवी संस्था ने ऐसे व्यक्ति बाबू लाल यादव की अंत्येष्टि हेतु सहायता की गई। नातिन के अलावा कोई भी नहीं था। ना कोई रिश्तेदार, ना कोई मददगार, मजदूर वर्ग की नातिन के पास भी अंतिम संस्कार के लिए पैसा नहीं था। इस बात का पता चलते ही संजय नगर के पूर्व पार्षद यासीन कराणी ने जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को फोन पर सूचना देते हुए परिवार की हालत के बारे में बताया। अध्यक्ष अपने समाज सेवी साथियों सहित तुरंत ही संजय नगर पहुंचे और मृतक की नातिन साहिल यादव को दिलासा देते हुए अर्थी के काम में लग गए। उस समय बड़ा ही करुण दृश्य उत्पन्न हो गया। जब मृतक का कोई पुरुष उत्तराधिकारी ना होने के कारण और नातिन के पति विशाल यादव के विकलांग होने के कारण मुखाग्नि देने का कार्य नातिन ने ही पूर्ण किया।

इस अवसर पर उपस्थित संजय नगर तथा राजापारा के नागरिकों के समक्ष जन सहयोग के

अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति बाबू लाल यादव, जिसे सभी लोग नाना कहकर संबोधित करते थे। कुछ समय पूर्व आकर अपनी नातिन साहिल यादव पति विशाल यादव के यहां रहता था।जिसकी आज मृत्यु हो गई। हम लोग लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार तो करते ही हैं लेकिन जिनका कोई ना हो और आर्थिक स्थिति भी खराब हो उनके लिए भी पहुंचना अपना फर्ज समझते हैं।

इसीलिए पूर्व पार्षद यासीन भाई से सूचना मिलते ही हम सब आ गए और सही समय पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके बाद भी कुछ रस्में होती हैं, जिनमें सहायता की आवश्यकता पड़ेगी, उसके लिए भी हम समाज सेवक लोग प्रस्तुत हैं और मुझसे जो कुछ भी हो सकेगा, मैं भी व्यक्तिगत रूप से इस गरीब परिवार के लिए अवश्य करूंगा। उपस्थित समाज सेवकों के नाम इस प्रकार हैं, संजय नगर के रुपेश सूर्यवंशी, घासू साहू, तरुण ठाकुर, बिंटू यादव, दादू यादव, प्रिंस नाग, राजापारा के साथी समाजसेवी धर्मेंद्र देव, चरण यादव, राजेश चौहान, प्रवीण गुप्ता, अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में मौजूद थे। जन सहयोग संस्था के इस सराहनीय कार्य के लिए सारे संजय नगर की जनता तथा कांकेर के बुद्धिजीवी प्रशंसा कर रहे हैं।

अनावेदक को उपस्थित कराने डीजीपी को पत्र भेजेगा आयोग

आवेदिका ने आयोग के समक्ष अनावेदक को दिए 50 हजार रुपए

■ **अधिवक्ता अपने वकालत का दुरूपयोग करने से बचे : डॉ नायक**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य सुश्री शशिकांता राठौर, डॉ अनीता रावटे एवं अर्चना उपाध्याय की उपस्थिति में आज शास्त्री चौक स्थित, राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की गई।

आज सुनवाई में आवेदिका ने आयोग के आदेश का पालन करते हुए 50 हजार रुपये अनावेदक को आयोग के समक्ष सौपा। आयोग के अध्यक्ष ने सीपीटीडब्ल्यूएस रायपुर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विवेकानंद सोसायटी के अध्यक्ष को आवेदिका की जमा राशि को तत्काल आवेदिका के एकाउंट में एनईएफटीई से या आरटीजीएसटी से जमा करने के निर्देश दिए। इसकी सूचना अनावेदक आयोग कार्यालय दस्तावेज के साथ भेजने पर प्रकरण को निराकृत किया जा सकेगा।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में थाना प्रभारी तिल्दा के माध्यम से अनावेदक को उपस्थित कराने हेतु कई बार पत्र लिखा गया है। आज दिनांक की सुनवाई में भी थाना प्रभारी तिल्दा अनावेदक को उपस्थित कराने में असफल रहे हैं। इस हेतु अब आयोग रायपुर डीजीपी को एसपी रायपुर की जिम्मेदारी तय सुनिश्चित कराने पत्र प्रेषित किया जाएगा, जिससे तिल्दा से अनावेदक आवश्यक रूप सुनवाई में उपस्थित हो।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने स्वयं को नौकरी से निकाले जाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर अनावेदक ने विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत किया है और बताया कि आवेदिका दुर्ग में प्रसव दिनांक को कार्यरत कार्यालय तोकापाल बस्तर में उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर किया है। इस गंभीर अनियमितता को ध्यान में रखते हुए विभागीय उच्च अधिकारी ने आवेदिका को कार्यमुक्त कर दिया है। इस सम्बन्ध में आवेदिका चाहे तो संयुक्त संचालक के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकती है। यह प्रकरण आयोग के क्षेत्राधिकार से बाहर हो जाने से नस्तीबद्ध किया गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में आयोग की समझाइश पर आवेदिका के

रिहायशी भवन में किसी प्रकार से अनावेदक हस्तक्षेप नही करेगा। अनावेदक द्वारा अगर किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप किया जाता है तो आवेदिका को पूर्ण अधिकार है कि वह अनावेदक के विरुद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करा सकती है। इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की बहू अनावेदिका है। दोनो अपने पुत्र और पति पर एकाधिकार चाहती है। यह आयोग द्वारा तय करना सम्भव नहीं है। दोनो पक्षो को समझाइश दिए जाने पर अनावेदिका बहु का कहना है कि वह अपने पति के सहमति से तलाक लेना चाहती है। दोनो को अलग रहते 3 माह हुआ है। एक वर्ष बाद आपसी राजीनामा से तलाक के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में दुर्ग जिला में सुनवाई के समय आयोग कार्यालय में दोनो पक्ष को शपथ पत्र पर बयान दर्ज कर उपस्थित होने के निर्देश दिए गये थे। आज आयोग के सुनवाई में शपथ पत्र पर बयान दर्ज किया गया। उक्त दस्तावेजों और प्रकरणों को सुनने के बाद स्पष्ट हुआ कि आवेदिका अधिवक्ता है, उनके द्वारा अपने पक्षकार के पैरवी करने के वास्तविक रूप में अनावेदकगणो से चर्चा हुई थी। जिसे लेकर आवेदिका ने यह शिकायत किया कि अनावेदक ने उससे दुर्व्यवहार किया है। आवेदिका द्वारा ऑडियो क्लिप को सभी सदस्यों ने सुना। ऑडियो में ऐसे कोई तथ्य नही आया जो आवेदिका के साथ दुर्व्यवहार की श्रेणी में आता हो। अनावेदक ने आवेदिका के प्रस्तुत अपील को स्वीकार किया है। जिसके खिलाफ आवेदिका उच्च न्यायालय या उच्च अपीलीय न्यायालय में पुनः अपील कर सकते हैं। अनावेदक गण ने बताया कि धारा 107 के तहत प्रकरण सुनने की पात्रता थी, किंतु अनावेदक ने धारा 108 भूल सुधार का आवेदन प्रस्तुत किया था। इसको अब आवेदिका कहती है कि मैंने किसी अन्य के कहने पर ऐसा किया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदिका अपने पक्षकार का प्रकरण सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कानून की जानकर नही थी। इस तथ्य का मूल आवेदिका से मांगने पर दस्तावेज नही दे पाई है ऐसी स्थिति में आवेदिका का प्रकरण अभद्रता और अशोभनीय व्यवहार प्रमाणित नही होने से इस प्रकरण की निरस्त कर नस्तीबद्ध किया गया।

जांजगीर चापा के एक प्रकरण में आवेदिका ने धान खरीदी केंद्र के प्रांगण में अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है। जिसकी नोटिस दिए जाने पर बचने के लिए आवेदिका ने आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। इस प्रकरण पर कब्जा वैध है या अवैध इस पर प्रशासनिक जांच जारी है। यह प्रकरण आयोग के क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में अनावेदकगणो के विरुद्ध जांजगीर जिले के हसौद थाने में एफआईआर दर्ज हो चुका है।

■ न्यूज गैलरी

कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा 10 को

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड डिफेन्स सर्विस परीक्षा (I). 2022 परीक्षा 10 अप्रैल को तीन पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे द्वितीय पाली दोपहर 12 बजे से 2 बजे एवं तृतीय पाली दोपहर 3 बजे से संध्या 5 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में होगी।

इसी तरह नेशनल डिफेन्स एकाडमी एण्ड नेवल एकाडमी परीक्षा (II) 10 अप्रैल सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जायेगी। उक्त परीक्षा के सचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री मुकेश कुमार कोठारी को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा श्री के.एस.पटले राजीव गांधी शिक्षा मिशन जिला कार्यालय रायपुर को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने निकली पदयात्रा का रायपुर में स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए अपने-अपने स्तर पर लगातार प्रयास हो रहे हैं। इस कड़ी में जयपुर राजस्थान से निकले गौ भक्त शिवराज सिंह शेखावत अकेले ही इस अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने इसके लिए पूरे देश भर में पदयात्रा करने का संकल्प लिया है। रामेश्वरम से प्रारंभ उनकी यात्रा का पड़ाव रायपुर पहुंचने पर श्री श्याम प्रचार सेवा समिति द्वारा द्वारा स्वागत किया गया। समिति के संस्थापक सौरभ अग्रवाल, अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने बताया कि ये एक ऐसी यात्रा है जिसमें ना कोई सहयोगी है, ना कोई वाहन है,बस एक अकेले शिवराज जी पदयात्रा कर रहे हैं। जो लगातार दो वर्ष तक चलेगी। समिति के हिमांशु अग्रवाल,विकास जिंदल,सर्वेश शर्मा व अन्य सदस्य भी इस मौके पर उपस्थित थे। गौ भक्त शिवराज ने बताया कि यात्रा का एक मात्र उद्देश्य है कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले, प्रयास सभी कर रहे हैं कुछ राज्यों में यह दर्जा प्रदेश स्तर पर दिए जाने की पहल भी हुई है लेकिन राष्ट्र माता का दर्जा मिलने से हर भारतीय का गौरव व सम्मान बढ़ेगा। गौ भक्तों की कमी नहीं सभी प्रयास में लगे हुए और एक दिन जरूर यह सार्थक होगा। रायपुर प्रवास के दौरान वे महावीर गौशाला पहुंचे और उनके कार्यों की प्रशंसा की। यात्रा का अगला पड़ाव आरंग से आगे बढ़ा है।

पोस्को एक्ट एवं साइबर क्राइम पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। 29 मार्च को आदित्य होटल रायपुर में युवा विकास मंडल संस्था भोपाल एवं मैत्री नेटवर्क के सहयोग से महिला एवं बच्चों के साथ काम करने वाले विभागों के साथ पोस्को एक्ट एवं साइबर क्राइम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन स्टॉप सेंटर की केन्द्रीय प्रभारी प्रीति पांडे ठाकुर, पुलिस विभाग की श्रीमती पूर्णिमा तिवारी, उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया, किसी भी प्रकार के अपराधों को किस प्रकार रोक सकते हैं, बताते हुए समाज में कैसे बदलाव लाया जा सकता है बताया। कार्यक्रम समन्वयक वेरोनीका द्वारा संस्था किस प्रकार कार्य कर रही है, जिसमें पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को किस प्रकार युवा विकास मंडल द्वारा काउंसलिंग, राशन सपोर्ट, एजुकेशन सपोर्ट एवं उनको कानूनी न्याय के लिए काम कर रही है। युवा विकास मंडल के राज्य समन्वयक मनोहर बीमनीया द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 को लेकर चर्चा की जिसमें यह अधिनियम लिंग निरपेक्ष है, इस अधिनियम में बालकों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े साथ ही बच्चों के साथ कार्य करने वाले विभागों की जिम्मेदारी एवं सजा का प्रावधान भी बताया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम के बढ़ते अपराधों को ध्यान में रखते हुए, वकील श्राद्ध शर्मा द्वारा इसके बचाव किस तरह किए जा सकते हैं बताया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वालो में पुलिस विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लीगल एक्ट, सामाजिक संगठन, वकील एवं अन्य विभागों से शामिल हुए, कार्यक्रम का संचालन रायपुर फेलो एकता भादौरिया द्वारा किया गया।

मशहूर तबला वादक उस्ताद तौफीक कुरैशी ने बांसुरीवादक अनिर्बान को अपना खानदानी वाद्ययंत्र तोहफे में दिया

रायपुर/नवप्रदेश। कलर्स के शो 'हुनरबाज़ देश की शान' में दर्शकों को इसकी शुरुआत से ही देश के कोने-कोने में छुपी अनगिनत प्रतिभाओं को देखने का मौका मिला है। इस शो के प्रतियोगी हर गुजरते सप्?ताह के साथ अपनी जिंदादिल, धारदार और रोमांचक परफॉर्मेंसेस के साथ 'टॉप 10' में आने के लिये तैयारी कर रहे हैं। इस वीकेंड इन प्रतियोगियों का उत्साह और भी बढ़ने वाला है, क्योंकि कुछ प्रतिभाशाली सितारे और अपनी-अपनी शैलियों में माहिर लोग, जैसे नेहा भसीन, उस्ताद तौफीक कुरैशी, प्रतीक उतेकर, सनम जौहर और प्रियांक शर्मा एक खास परफॉर्मेंस के लिये साथ आएंगे और 'हुनर की जुगलबंदी' करेंगे। मशहूर भारतीय शास्त्रीय संगीतकार और तबला वादक उस्ताद तौफीक कुरैशी बांसुरीवादक अनिर्बान के साथ परफॉर्म करेंगे।

अनिर्बान शुरूआत से ही अपनी दमदार परफॉर्मेंस के कारण दर्शकों का दिल जीतते आ रहे हैं। उस्ताद तौफीक कुरैशी और अनिर्बान ने 'हाय रामा' गाने पर बेहतरीन जुगलबंदी से महफिल को लूट लिया और हर कोई निशब्द हो गया, खासकर मिथुन दा और परिणीति चोपड़ा। आभार जताने के लिये वे दोनों तुरंत मंच पर गये और उन्होंने उस्ताद तौफीक कुरैशी के पैर छू लिये और उनके प्रति अपना आदर व्यक्त किया। तबले की दुनिया के प्रतिष्ठित उस्ताद ने अपनी अभूतपूर्व ब्रीदिंग रिदम पर प्रस्तुति दी और विभिन्न वाद्ययंत्र बजाये, जबकि अनिर्बान ने बांसुरी से उनके साथ परफेक्ट तरीके से ताल मिलाई। अनिर्बान के साथ धुन बजाते हुए तौफीक कुरैशी खुद को यह बोलने से रोक नहीं सके कि, ''मिथुन दा, आपने अनिर्बान को सही नाम दिया है- 'छोटा उस्ताद'। यह भविष्य में जल्दी ही 'बड़ा उस्ताद' बनेगा। इसने कई लोगों का दिल जीता है और आज मैं अनिर्बान को अपने 'घराने' में आमंत्रित करता हूँ, जहाँ वह अपनी पसंद के हिसाब से कुछ भी सीख सकता है। फिर उन्होंने प्यार से अनिर्बान को अपना खानदानी वाद्ययंत्र 'दजेम्बे' तोहफे में दिया और इसे देखकर सभी हैरान हो गए! उस्ताद तौफीक कुरैशी के मनमोहक परफॉर्मेंस से रोमांचित करण जौहर ने कहा, मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। आपने मुझे आला दर्जे की प्रेरणा दी है। आज आपका लाइव परफॉर्मेंस देखकर मैं बहुत ही सौभाग?यशाली महसूस कर रहा हूं, सर!'' प्रतिभा से भरपूर इस मजेदार एपिसोड के लिये देखिये 'हुनरबाज़ देश की शान', हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे, सिर्फ कलर्स पर!

लबरा मुख्यमंत्री को सबक सिखाने, भाजपा को जीताएं : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के लबरा मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि खैरागढ़ को जिला बनाएंगे, नहीं बनाया। स्व. देवव्रत सिंह को काँग्रेस छोड़ने को मजबूर करने वाले, कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान करने वालों का सम्मान करने वाले और हमारे धर्म व देश का अपमान करने वाले मुख्यमंत्री को सबक सिखाने का यही समय है इसलिए भाजपा के कमल फूल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएँ।

श्री अग्रवाल आज खैरागढ़ के राममंदिर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के सम्मेलन में हजारों की संख्या में उपस्थिति लोग और उनके उत्साह को देख कर लगता है कि खैरागढ़ चुनाव जीतने से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने आव्हान किया कि 14 दिन बाद आपको खैरागढ़ की किस्मत का फैसला करना है। खैरागढ़ में विकास के लिए कमल फूल और कोमल जंघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाएँ।

श्री अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ में जितना भी विकास हुआ भारतीय जनता पार्टी की पिछली सरकार ने किया है। भाजपा के कार्यकाल में सड़क, पानी, बिजली, सामुदायिक भवन सभी कुछ बना है जबकि इस कांग्रेसी सरकार में एक रुपये का विकास नहीं हुआ है। इस सरकार के पास सड़कों के गड्ढे भरने तक के पैसे नहीं हैं। इस राज में दवाई तो आम जनता को नहीं मिल रही है लेकिन घर-घर दारु पहुंच रही है। इस सरकार ने पिछले तीन साल में नौजवानों के बेरोजगारी भत्ता का एक-एक नौजवान का 72 हजार रुपया पर डाका डाला है। इस सरकार ने गरीबों के 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनने को रोक दिया है। उज्जवला गैस कनेक्शन से लेकर 48 लाख नल कनेक्शन नहीं मिल रहा है। इसका कारण है कि इन केन्द्रीय योजनाओं में इनको कमीशन नहीं मिल रहा है पैसा सीधे उपभोक्ता के खातों में जाता है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि आने वाले शक्ति पर्व में हिन्दुओं की भावनाओं का अपमान करने वालों को सबक सिखाएं और कमल फूल पर बटन दबा कर माता लक्ष्मी जी का आशीर्वाद ले ताकि क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि 2023 के भाजपा के विजय का रास्ता इसी खैरागढ़ चुनाव से खुलेगा। इसलिए संकल्प ले कर जाएँ कि पूरी ताकत के साथ तन-मन-धन लगाकर कमल फूल को जिताना है।

छग का हक छीनने वाले राशन पर आसन के सपने देख रहे

■ **भाजपा पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मरकाम का हमला**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता के साथ कोरोना काल में जो भेदभाव किया गया है, उसे जनता भूली नहीं है। उन्होंने गरीबों के आवास का कोटा रद्द किया है, उसे गरीब कभी नहीं भूल सकते। छत्तीसगढ़ के किसानों के हक में जो छीनाझपटी की है, वह भी किसानों को याद है और एक एक पाप का बदला खैरागढ़ उपचुनाव में वहां की जनता छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से भाजपा के खिलाफ जनादेश देगी। छत्तीसगढ़ में लगातार हर चुनाव हारने के कारण भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उनके पास जनता का सामना करने का कोई रास्ता नहीं है तो अब मोदी द्वारा अतिरिक्त राशन की मियाद बढ़ाने के ऐलान पर यह समझ रहे हैं कि डूबते को तिनके का सहारा मिल गया है। लेकिन वे किसी गलतफहमी में न रहें। खैरागढ़ की जनता सारा भ्रम दूर कर देगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव होते ही मोदी सरकार ने जनता को महंगाई के हवाले कर दिया है। यह अतिरिक्त राशन इस महंगाई से कोई राहत नहीं दे सकता। जनता खाने पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों के हर सामान पर महंगाई की मार से त्रस्त है। पेट्रोल डीजल के दाम हर रोज बढ़ाकर जनता का दमन किया जा रहा है। जहां तक राशन की बात है तो कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार जनता को उसके हक का राशन पूरी संवेदनशीलता के साथ दे रही है।

डिजिटल मेंबरशिप अभियान की समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने राजीव भवन में बैठक लेकर मैनुअल एवं डिजिटल मेंबरशिप अभियान की समीक्षा की। प्रदेश कांग्रेस के द्वारा इस वर्ष 10 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था। कांग्रेस का सदस्यता अभियान लक्ष्य को पार कर मैनुअल एवं डिजिटल में अब तक 14 लाख सदस्य संख्या तक पहुंच गया है और 31 मार्च को डिजिटल मेंबरशिप अभियान की अंतिम तारीख तक 15 लाख सदस्य संख्या तक पहुंचने की उम्मीद जतायी गयी। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 31 मार्च से देश भर में केन्द्र सरकार के खिलाफ शुरू किये जा रहे है महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में भी चर्चा हुयी। अभी तक सदस्यता डिजिटल मेंबरशिप 740870 एवं मैनुअल सदस्यता अभियान 737050 सदस्य बन चुके है। बैठक में डिजिटल मेंबरशिप अभियान को मिल रहे बेहतर प्रतिसाद को देखते हुये 31 मार्च के बाद भी डिजिटल मेंबरशिप अभियान को जारी रखने के संबंध में सुझाव दिया गया जिसे एआईसीसी के डिजिटल मेंबरशिप अभियान समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्रीद्वय रवि घोष, चंद्रशेखर शुक्ला एवं डिजिटल मेंबरशिप प्रभारी अमरजीत चावला ने जिलावार एवं विधानसभावार मेंबरशिप की जानकारी दी।

सीआरपीएफ और आईटीबीपी के चिकित्सकों को एम्स में आपातकालीन चिकित्सा का प्रशिक्षण

■ **15 दिवसीय ट्रेनिंग में जवानों की जान बचाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया**

■ **पैरा मिलिट्री के 36 चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टॉफ ने भाग लिया**

रायपुर/नवप्रदेश। आपातकालीन परिस्थितियों में पैरा मिलिट्री के जवानों को त्वरित आपात चिकित्सा प्रदान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से भारतीय तिब्बत सीमा बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 36 चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टॉफको 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण की मदद से चिकित्सक आपातकालीन स्थिति में घायल जवानों को तुरंत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करा सकेंगे जिससे उनके जीवन की रक्षा हो सकेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि अर्ध सैनिक बलों द्वारा देशभर में प्रदान की जा रही सेवाएं अतुलनीय है। विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों में भी जवान देशभक्ति की भावना के साथ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। एम्स भी उनकी इस भावना का सम्मान करते हुए हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ट्रेनिंग मॉड्यूल अर्ध सैनिक बलों की आवश्यकता के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन मॉड्यूल को भविष्य में नया रूप प्रदान किया जाएगा।

घायल जवानों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने के लिए एम्स के ट्रामा एवं आपातकालीन विभाग के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें सीपीआर प्रदान करना, मॉस केजुअल्टी मैनेजमेंट, घावों का उपचार, सिर और गले में चोट, प्लास्टर तैयार करना, ब्लड ग्रुप मैच और ट्रांसफ्यूजन आदि का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सकों को डॉ. चंदन डे, डॉ. वरूण आनंद, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर प्रकाश सब्बानी के निर्देशन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 31 मार्च तक आयोजित किया गया। अंत में आईटीबीवी के डिप्टी कमांडेंट डॉ. जे. आदित्य रेड्डी ने प्रशिक्षण को बहु उपयोगी बताते हुए एम्स के चिकित्सकों को धन्यवाद दिया।

इमेजिन एक्सपी के सहयोग से भव्य सेमिनार का आयोजन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ आधुनिक अनुसंधान एवं नयी खोज को विकसित करने के लिए लगातार कार्य किया जाता रहा है। इस सत्र से कलिंगा विश्वविद्यालय में डिजाइन पाठ्यक्रम के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की शुरूआत हुयी है। यह छत्तीसगढ़ का प्रथम विश्वविद्यालय बन गया है जिससे बी. डिजाइन और एम. डिजाइन पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी। इस पाठ्यक्रम से परिचित कराने के लिए इमेजिन एक्सपी के सहयोग से 12वीं के बच्चों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया।

विदित हो कि कलिंगा विश्वविद्यालय में नये रोजगारमूलक पाठ्यक्रम की श्रृंखला में बी.डिजाइन और एम. डिजाइन पाठ्यक्रम से परिचित कराने के लिए 26 मार्च को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 12 वीं में पढ़ने वाले 165 विद्यार्थी और उनके शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रुप में इमेजिन एक्सपी के चीफ एकेडमिक अधिकारी श्री अभयजीत सिंह ने विद्यार्थियों को डिजाइनिंग तथा यूजर एक्सपीरियंस विषय के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समकालीन वैश्विक परिदृश्य में डिजाइन के जानकार विद्यार्थियों की बहुत मांग है। इस पाठ्यक्रम के उपाधि प्राप्त करने के बाद आप अपनी रचनात्मकता को अपने व्यवसाय के रुप में बदल सकते हैं।

श्री सिंह ने बी. डिजाइन और एम. डिजाइन के पाठ्यक्रम, रोजगार में संभावनाएं और भविष्य में इसके उपयोग एवं अनुभव के बारे में रोचक तरीके से गंभीर जानकारी प्रदान की। उक्त सेमिनार में विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता संकाय की प्राध्यापिका सुश्री श्रेया द्विवेदी, मार्केटिंग निर्देशक अभिषेक शर्मा तथा मार्केटिंग टीम से काजल सिंह, सोनम दुबे, विशाल, गरिमा सोनवानी, निधि साहू, लावण्या का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

कलेक्टर के पहल पर किसान चौपाल के माध्यम से किया जा रहा है ई-केवाईसी सत्यापन

■ **धान के बदले अन्य फसल लेने किसानों को दी जा रही है जानकारी**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ के पहल पर रायपुर जिले के समस्त सेवा सहकारी समिति में 23 मार्च से 4 अप्रैल तक किसान चौपाल खरीफअभियान का आयोजन जा रहा है। जहां कृषकों के मध्य कृषि विभाग की वर्तमान में संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कृषक चौपाल के माध्यम से कृषकगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवाईसी सत्यापन कार्य करवा रहे है। साथ ही किसान चौपाल के माध्यम से मैदानी कृषि अधिकारियों द्वारा खरीफ फसल का जोखिम कम करने हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल का बीमाकराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि अधिकारियों ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजनांतर्गत रायपुर जिले को 6211 हे. में फसल परिवर्तन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस संदर्भ में सबसे अधिक 5 प्रतिशत एवं सबसे कम 5 प्रतिशत धान विक्रयकर्ता किसानों को धान के स्थान पर अन्य फसल लेने हेतु प्रेरित कर फसल परिवर्तन से होने वाले लाभ की जानकारी दी जा रही है।

संपादकीय

दक्षिणी शहरों की स्वच्छता से सीखें

इस बात से शायद ही किसी को आश्चर्य हुआ होगा कि साल 2021 के लिए जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत के सबसे कम प्रदूषित 35 शहरों में से 30 शहर दक्षिण के चार राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश के हैं। हालांकि, जब उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और हरियाणा की नजर से इस रिपोर्ट को देखते हैं, तो यह एक कटु सत्य लगता है। देश की राजधानी दिल्ली ने तो प्रदूषण में सभी को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां कोच्चि, चेन्नई, अमरावती और बेंगलुरु जैसे दक्षिणी शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर 40 से 70 के बीच है, वहीं लखनऊ, पटना, जयपुर और रोहतक में यह 100 से 170 के बीच है। दिल्ली का औसत स्तर तो 230 है। दक्षिण के राज्यों को भौगोलिक रूप से भी एक बड़ा लाभ हासिल है। दरअसल, उनकी सीमाएं कम से कम एक तरफ से समुद्र से लगती हैं। ऐसे में, उप-महाद्वीप के आसपास के महासागरों से आने वाली हवाएं एक झटके में प्रदूषक तत्वों को उड़ा ले जाती हैं। इनकी तुलना में जमीनी सीमाओं वाले उत्तरी राज्यों को यह सुविधा हासिल नहीं है। धूल भरी हवा इन क्षेत्रों में फंसी रहती है और उसी में घूमती रहती है, जिससे अधिक से अधिक प्रदूषण फैलता है। गरमियों के महीनों में तो ऐसा लगता है कि पूरा उत्तर भारत ही धूल का कटोरा बन गया है। इन महीनों में जहां धूल भरी आंधी दृश्यता कम कर देती हैं,तो वहीं सर्दियों में ठंडी हवा नमी व प्रदूषक तत्वों के साथ मिलकर ऐसा घना कोहरा बनाती है कि दृश्यता करीब-करीब शून्य हो जाती है। उत्तर भारत में थार मरूस्थल से आने वाली हवाएं उत्तर प्रदेश के शहरों को अपनी गिरफ्त में ले लेती हैं। इसके अलावा, फैक्टरियों और गाड़ियों से होने वाले उत्सर्जन भी समस्या बढ़ाते हैं। फिर, उत्तर भारत के कई शहरों में बड़े पैमाने पर निर्माण संबंधी गतिविधियां भी लगातार चलती रहती हैं, जिसके कारण यहां की आबोहवा और बिगड़ती जा रही है। पर सिर्फ प्राकृतिक लाभ की वजह से दक्षिणी राज्य कम प्रदूषित नहीं हैं। पिछले अनेक वर्षों में यहां कई ऐसे उपाय किए गए हैं, जिनसे इस मामले में तरक्की हुई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दक्षिण के राज्य देश के उत्तरी राज्यों की तुलना में बेहतर सामाजिक संकेतकों को जी रहे हैं। नीति आयोग के मुताबिक, बड़े राज्यों में किए गए विश्व बैंक के अध्ययन बताते हैं कि केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना समग्र प्रदर्शन के मामले में अन्य सभी राज्यों पर बीस साबित हुए हैं।

लघुकथा

दुनिया को संकट में डालने वाले चीन के हालात बदतर

एक अप्रैल से भारत में दवाओं के दाम बढ़ने जा रहे हैं। करीब 800 से अधिक जरूरी दवाओं के दामों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी होने जा रही है। इनमें दर्दनाशक और एंटी वायरल दवाओं के अलावा कई तरह के एंटीबायोटिक्स भी शामिल हैं। दवाओं का उत्पादन करने में जिस कच्चे माल की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ती है उसे एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इनग्रेडिएंट्स यानी एपीआई कहा जाता है। पहले 90 प्रतिशत एपीआई की खरीद चीन समेत अन्य देशों से की जाती थी। इस तरह से हमारा देश दवाओं के निर्माण के लिए चीन पर बहुत अधिक निर्भर करता था। परंतु पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प के बाद भारत को अंदेशा हो गया था कि तनाव की स्थिति में चीन से जरूरी कच्चे माल की सप्लाई बाधित हो सकती है, इसलिए देश ने आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार, दवाओं के उत्पादन के लिए बेहद जरूरी 53 तरह के कच्चे माल में से 35 तरह के एपीआई का उत्पादन भारत में शुरू कर दिया गया, जिससे कि देश को चीन या अन्य देशों पर निर्भर न रहना पड़े। इसी को कहते हैं कि जब कुछ निगेटिव होता है तो उसके फलस्वरूप कई बार कुछ अच्छा भी होता चलता है, जिसके बारे में पहले सोचा भी न गया हो।

जब पूरी दुनिया कोरोना से बेहाल थी तब चीन ने अपने यहां ज़ीरो कोविड नीति अपनाई हुई थी, जिसके तहत एक भी कोरोन संक्रमित मिलने पर पूरे शहर में लॉकडाउन लगा दिया जाता था। उस वक्त तो चीन को लगा कि उसने जंग जीत ली, लेकिन अब उसे इसकी सजा मिल रही है। दरअसल शुरुआती पाबंदियों के कारण चीनियों में पर्याप्त इम्युनिटी विकसित नहीं हो पाई। यही कारण है कि अब चीन को अपने यहां हालात संभालने में नानी याद आ रही है। हालांकि, वहां 88 प्रतिशत आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं। चीन को अपने सभी 31 प्रांतों में लॉकडाउन लगाना पड़ रहा है। शंघाई जैसे शहरों के हालात ऐसे हैं कि वहां किसी को बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। लॉकडाउन में बाहर निकलने वालों पर 15 हजार रुपए के बराबर जुर्माना लगाया जा रहा है। ऐसे में घरेलू जरूरत की चीजों की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर घर घर चीजें पहुंचाई जा रही हैं। शंघाई के 20 हजार बैंक कर्मी तो ऐसे हैं जो अपने दफ्तर में ही सो रहे हैं। वहीं उनको भोजन दे दिया जाता है लेकिन घर जाने की अनुमति नहीं है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि देश की बैंकिंग व्यवस्था सुचारु रूप से काम करती रहे। चीन में पिछले दो साल के मुकाबले इस समय कोरोना वायरस ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है, जहां ओमिक्रॉन वेरिएंट के साथ-साथ कुछ कुछ मामले डेल्टा वेरिएंट के भी मिल रहे हैं। हालांकि, ओमिक्रॉन से संक्रमित मरीजों की संख्या ज्यादा है। चीन में कोविड 19 मामलों में पिछले हफ्ते औसतन 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दुनिया के जिन टॉप 10 देशों में हाल ही में, कोविड 19 के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

कल्याणकारी योजनाओं की राजनीति

बद्री नारायण

राज्य-सत्ता को आर्थिक रूप से गतिशील समूहों, जैसे उद्योग, व्यवसाय, बाजार से जुड़े लोगों के साथ ही लोकप्रिय गरीब कल्याण योजनाओं पर सतत रूप से कार्य करना होगा। केंद्र सरकार ऐसी ही विकास केंद्रित राजनीति, जिसमें अंत्योदय एवं गरीब कल्याण एक जरूरी तत्व हैं, के पक्ष में खड़ी दिखती है। शायद इसीलिए हालिया विधानसभा चुनावों में ‘गरीब कल्याण का कैंपेन’ भाजपा के चुनाव-विमर्श का मुख्य तत्व रहा और इसने समाज के गरीब समूहों को राजनीतिक रूप से उसके पक्ष में मोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। हमने देखा कि हिंदुत्व की आम समझ, विकास की आकांक्षा, गरीब कल्याण कार्यक्रमों से उत्पन्न जुड़ाव, सामाजिक इंजीनियरिंग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि, इन सबने मिलकर विधानसभा चुनावों में भाजपा का राजनीतिक लोकगीत रचा है। मगर विकास केंद्रित राजनीति की अपनी चुनौतियां भी होती हैं।

केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को छह माह के लिए बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि इससे गरीब सामाजिक समूहों के करीब 80 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। उत्तर प्रदेश की नव-निर्वाचित सरकार ने भी मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस योजना को तीन माह के लिए बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि यह योजना कोरोना महामारी के भयावह आघात झेल रहे गरीब सामाजिक समूहों को राहत देने के लिए शुरू की गई थी। अब माना जा रहा है कि महामारी के नियंत्रित होने के बावजूद देश में रोजगार, अर्थव्यवस्था व समाज अपने सहज लय में नहीं आ पाए हैं। ऐसे में, गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार लोगों को राहत देगा।

यूं तो राशन वितरण की परियोजनाएं दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में 90 के दशक के आसपास ही शुरू हो गई थीं, लेकिन खाद्य सुरक्षा को कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने एक केंद्रीय पहल के रूप में लागू किया। साल 2014 में जब भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार केंद्र में आई, तो उसने अनेक प्रकार की गरीब कल्याण योजनाएं शुरू कीं और उनका वितरण आधार तल तक हो पाए, इस पर सजग ढंग से काम किया। यही वजह है कि कोरोना-काल में प्रारंभ की गई यह राशन योजना आज विश्व के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के रूप में जानी जाती है।

वैश्विक रूप से देखें, तो चाहे पश्चिमी देश हों या भारत जैसा दक्षिणी एशियाई देश, लगभग सभी जगह जनतंत्र कल्याणकारी योजनाओं के साथ समाहित होकर ही आगे बढ़ता रहा है। किंतु 90 के दशक में नव-उदारवादी व्यवस्था लागू होने के बाद बाजार के आक्रामक विस्तार के कारण कई व्याख्याकार मानने लगे थे कि भारत अपने लोक-कल्याणकारी मॉडल को छोड़ देगा। मगर यह आशंका लगभग निर्मूल हो रही है, क्योंकि केंद्र ने बाजार के विस्तार की परिस्थिति बनाने की दिशा में काम करते हुए भी अपनी कल्याणकारी प्रतिबद्धताओं को नहीं त्यागा। उज्ज्वला योजना, डायरेक्ट कैश ट्रांसफर योजना, पेंशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुफ्त राशन योजना, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

कोरोना महामारी ने ऐसी कल्याणकारी योजनाओं की जरूरत और बढ़ा दी है। इन कल्याणकारी योजनाओं ने लाभार्थियों का

कुछ लोगों का मानना है कि राज्य को ऐसी कल्याणकारी योजनाओं से धीरे-धीरे मुक्ति पा लेनी होगी। सामाजिक समूहों में उद्यमिता का विकास कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की कोशिश करनी होगी। यह बात ठीक है, और सरकार उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार सृजन के अनेक प्रयासों के जरिये इस दिशा में काम भी कर रही है, लेकिन गरीब कल्याणकारी योजनाएं समाज की जरूरत हैं और राष्ट्र की नैतिक प्रतिबद्धता भी। पूरी दुनिया में चाहे वामपंथी शासन हो या फिर दक्षिणपंथी या लोकतंत्र, अपने-अपने समाज की आवश्यकताओं के हिसाब से सबको ‘लोक-कल्याणकारी योजनाओं’ के साथ ही चलना पड़ रहा है। ऐसे में, राज्य पर बढ़ते आर्थिक दबाव के बावजूद गरीब कल्याण की योजनाएं गरीब एवं अति गरीब सामाजिक समूहों के लिए एक प्रकार से जीवनधारा की तरह हैं।

एक ऐसा बड़ा वर्ग विकसित किया है, ऐसे सामाजिक सहयोग उनमें विकास की आकांक्षा करने की शक्ति बढ़ाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो ये परियोजनाएं ‘हाशिये के समाज’ को विकास के स्वप्न देखने की शक्ति प्रदान करती हैं।

कुछ लोगों का मानना है कि राज्य को ऐसी कल्याणकारी योजनाओं से धीरे-धीरे मुक्ति पा लेनी होगी। सामाजिक समूहों में उद्यमिता का विकास कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की कोशिश करनी होगी। यह बात ठीक है, और सरकार उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार सृजन के अनेक प्रयासों के जरिये इस दिशा में काम भी कर रही है, लेकिन गरीब कल्याणकारी योजनाएं समाज की जरूरत हैं और राष्ट्र की नैतिक प्रतिबद्धता भी। पूरी दुनिया में चाहे वामपंथी शासन हो या फिर दक्षिणपंथी या लोकतंत्र, अपने-अपने समाज की आवश्यकताओं के हिसाब से सबको ‘लोक-कल्याणकारी योजनाओं’ के साथ ही चलना पड़ रहा है। ऐसे में, राज्य पर बढ़ते आर्थिक दबाव के बावजूद गरीब कल्याण की योजनाएं गरीब एवं अति गरीब सामाजिक समूहों के लिए एक प्रकार से जीवनधारा की तरह हैं।

यह ठीक है कि ऐसी लोकप्रिय योजनाओं से सत्तासीन दलों के पक्ष में राजनीतिक गोलबंदी होती है। किंतु इसे अगर विकास की राजनीति के संदर्भ में देखें, तो आगामी समय में जिस ‘विकास-लक्ष्य’ की तरफ देश को बढ़ना है, उसमें राजनीति को विकास केंद्रित होना ही पड़ेगा। राज्य-सत्ता को आर्थिक रूप से गतिशील समूहों, जैसे उद्योग, व्यवसाय, बाजार से जुड़े लोगों के साथ ही लोकप्रिय गरीब कल्याण योजनाओं पर सतत रूप से कार्य करना होगा। केंद्र सरकार ऐसी ही विकास केंद्रित राजनीति, जिसमें अंत्योदय एवं गरीब कल्याण एक जरूरी तत्व हैं, के पक्ष में खड़ी दिखती है। शायद इसीलिए हालिया विधानसभा चुनावों में ‘गरीब कल्याण का कैंपेन’ भाजपा के चुनाव-विमर्श का मुख्य तत्व रहा और इसने समाज के गरीब समूहों को राजनीतिक रूप से उसके पक्ष में मोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। हमने देखा कि हिंदुत्व की आम समझ, विकास की आकांक्षा, गरीब कल्याण कार्यक्रमों से उत्पन्न जुड़ाव, सामाजिक इंजीनियरिंग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि, इन सबने मिलकर विधानसभा चुनावों में भाजपा का राजनीतिक लोकगीत रचा है।

मगर विकास केंद्रित राजनीति की अपनी चुनौतियां भी होती हैं। यह एक ऐसी लाभार्थी चेतना को विकसित करती है, जो सतत सक्रिय एवं विकासमान होती है। राष्ट्र को उस लाभार्थी चेतना को बार-बार बदलती जरूरतों के हिसाब से नई-नई योजनाओं के जरिये प्रतिक्रिया देना होता है। इस चेतना में अग्रगामी एवं प्रतिगामी, दोनों भाव निहित होते हैं। अतः राज्य को सतत रूप से इसका मूल्यांकन और इसे नए ढंग से संबोधित करना ही होता है। दूसरी चुनौती यह है कि विकास की राजनीति में सामाजिक संतुलन को बनाए रखना एक कठिन कार्य है। यह अस्मिता की राजनीति की तरह आसान काम नहीं होता, वरन यह कार्य एक बंधी हुई रस्सी पर चलने की तरह कठिन व जटिल होता है। किंतु सामाजिक परिवर्तन के लिए ऐसे खतरे उठाने ही होते हैं और जो राजनीतिक दल या नेता खतरे उठाते हुए लक्ष्य को साध लेता है, वह लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंच जाता है। विकास की यह राजनीति एक घाट पर बाघ और बकरी के लिए साथ-साथ पानी पीने की परिस्थिति बनाने जैसा कठिन और दुरूह है, जिसकी इच्छा महात्मा गांधी ने की थी।

मूर्ख दिवस की प्रासंगिकता

योगेश कुमार गोयल

अप्रैल फूल के बहाने जानबूझकर किसी के साथ ऐसा कोई मजाक न करें, जिससे उसकी भावनाओं को ठेस पहुंचे या उसका कोई अहित अथवा नुकसान हो। मूर्ख दिवस की आड़ में किसी से अपनी दुश्मनी निकालने या अपने अपने किसी अपमान का बदला लेने की चेष्टा भी नहीं होनी चाहिए। यदि आप विशुद्ध भावना से शुद्ध हास्य के जरिये इस दिन किसी को मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं तो सभवतः उस व्यक्ति को आपके मजाक का बुरा भी नहीं लगेगा। वैसे भी शुद्ध हास्य तनाव से मुक्ति प्रदान करने के साथ-साथ मन में आपसी प्रेम भाव तथा भाईचारे की भावना का संचार भी करता है और शुद्ध हास्य से सराबोर माहौल और भी खुशनुमा बन जाता है।

विश्वभर के लगभग सभी देशों में पहली अप्रैल का दिन ‘फूल्स डे’ अर्थात् ‘मूर्ख दिवस’ के रूप में ही मनाया जाता है। कोई छोटा हो या बड़ा, इस दिन हर किसी को जैसे हंसी-ठिठौली करने का बहाना मिल ही जाता है और हर कोई किसी न किसी को मूर्ख बनाने की चेष्टा करता नजर आता है। लोग एक-दूसरे को किसी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना ऐसी असत्य और मनघडंत कल्पनाओं को ही यथार्थ का रूप देकर, जिन पर कोई भी आसानी से विश्वास कर सके, एक-दूसरे को मूर्ख बनाने की चेष्टा करते हैं और अक्सर बहुत चतुर समझे जाने वाले व्यक्ति भी मूर्ख बन ही जाते हैं। शायद यही कारण है कि इस दिन चाहे कोई किसी का कितना ही विश्वासपात्र क्यों न हो, मस्तिष्क में यह बात विराजमान रहती है न कि कहीं यह हमें मूर्ख तो नहीं बना रहा! कई बार होता यह भी है कि लोग कोशिश तो करते हैं दूसरों को मूर्ख बनाने की लेकिन इस कोशिश में खुद ही मूर्ख बन जाते हैं और जब ऐसा होता है तो वाकई बड़ा मनोरंजक माहौल बन जाता है। कभी-कभी तो इस दिन सैंकड़ों-हजारों की संख्या में लोग एक साथ ‘मूर्ख’ बनते भी देखे गए हैं।

1 अप्रैल को ‘मूर्ख दिवस’ के रूप में मनाए जाने का कारण यह माना जाता रहा है कि पुराने जमाने में चूंकि नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल से ही होती थी, अतः लोग इस दिन को हंसी-खुशी गुजारना चाहते थे ताकि उनका पूरा साल हंसी-खुशी बीते। लोगों की इसी धारणा के चलते 1 अप्रैल को ‘हास्य दिवस’ के रूप में मनाने की परम्परा शुरू हुई थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों का उत्साह इस दिवस के प्रति कम होने लगा तो कुछ लोगों ने इस दिन कृत्रिम हास्य के जरिये दूसरों को बेवकूफ बनाना शुरू कर दिया। लोगों को भी यह अंदाज इतना पसंद आया कि इस परम्परा ने धीरे-धीरे ‘मूर्ख दिवस’ का रूप ले लिया।

‘अप्रैल फूल’ बनाने की पश्चिमी देशों में शुरू हुई परम्परा भारतीय संस्कृति में कब और कैसे प्रवेश कर गई, यह पता भी न चला लेकिन भले ही इस परम्परा पर पाश्चात्य संस्कृति का रंग बहुत गहरा चढ़ा है पर यदि हम इस परम्परा में निहित उद्देश्यों को गहराई में जाकर देखें तो गौरवशाली भारतीय संस्कृति के आधार पर भी यह परम्परा गलत नहीं ठहराई जा सकती क्योंकि आज की भागदौड़ भरी अस्त-व्यस्त सी जिन्दगी में व्यक्ति के पास जहां चैन से सांस लेने के लिए दो पल की भी फुर्सत नहीं है, वहीं इस दिवस के बहाने साल में सिर्फ एक दिन ही सही, व्यक्ति को खिलखिलाकर हंसने का मौका तो मिलता है। संभवतः ‘मूर्ख दिवस’ मनाने की परम्परा की पृष्ठभूमि में व्यस्त जिंदगी में मानव मन को कुछ पल का सुकून प्रदान करने की प्रवृति ही समायी है लेकिन इसके साथ-साथ इस मौके पर इस बात का ध्यान रखा जाना भी अत्यंत आवश्यक है कि ‘मूर्ख दिवस’ सभ्य मजाक के जरिये किसी को कुछ समय के लिए मूर्ख बनाकर मनोरंजन करने का दिन है।

अप्रैल फूल के बहाने जानबूझकर किसी के साथ ऐसा कोई मजाक न करें, जिससे उसकी भावनाओं को ठेस पहुंचे या उसका कोई अहित अथवा नुकसान हो। मूर्ख दिवस की आड़ में किसी से अपनी दुश्मनी निकालने या अपने अपने किसी अपमान का बदला लेने की चेष्टा भी नहीं होनी चाहिए। यदि आप विशुद्ध भावना से शुद्ध हास्य के जरिये इस दिन किसी को मूर्ख बनाने की कोशिश करते हैं तो सभवतः उस व्यक्ति को आपके मजाक का बुरा भी नहीं लगेगा। वैसे भी शुद्ध हास्य तनाव से मुक्ति प्रदान करने के साथ-साथ मन में आपसी प्रेम भाव तथा भाईचारे की भावना का संचार भी करता है और शुद्ध हास्य से सराबोर माहौल और भी खुशनुमा बन जाता है। ऐसे में मूर्ख दिवस मनाने की प्रासंगिकता आज के तनाव व घुटन भरे माहौल में बहुत बढ़ जाती है। हमारे यहां गधे और उल्लू को हमेशा ‘मूर्ख’ की उपमा दी जाती रही है, इसलिए अपने दोस्तों, परिचितों अथवा संबंधियों को एक अप्रैल के दिन कुछ समय के लिए ही सही, मूर्ख बनाकर अपना व दूसरों का स्वस्थ मनोरंजन करने में कोई हर्ज नहीं है। यदि ऐसा करते समय शालीनता, शिष्टता व सभ्यता की उपेक्षा न की जाए तो कोई संदेह नहीं कि मूर्ख दिवस की महत्ता आज के दमघोंटू माहौल में कई गुना बढ़ जाती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कितने मासूमियत से

कितने मासूमियत से भावनाओं के ज्वार भरते हो जो चल रहे है साथ साथ बीच उसके दीवार करते हो बुलाकर गरीबों को सभा मे बहाये आंसू और पर्दे के पीछे खास अमीरों से प्यार करते हो कोसे जिन्हें कहकर कि पापी भ्रष्टाचारी हैं अपनी जीत के खातिर फिर उसे ही स्वीकार करते हो। - संत आर थवाईत

पहले अधिकांश

पहले अधिकांश लड़कियों का जुमला होता था, ‘पापा नहीं मानेंगे’ आजकल पापा आसानी से मान जाते हैं, क्योंकि बच्चे हिम्मती हो गये हैं. निष्कर्ष : तब बच्चे अपनी हिम्मत की कमी के लिए अभिभावक को हथियार बनाया करते थे.. एक पक्ष और, कुछ अति किस्म के चालाक लोग छुटकारा पाने के लिए भी यह जुमला प्रयोग किया करते हैं इसमें लड़के भी शामिल। - मिनाक्षी सिंह

ख़ास पाती

जैसे चलती है सांसे चलती

जैसे चलती है सांसे चलती है हवाएं बहती है नदियां बढ़ता है पहाड़ चलता है वक्त होते हैं दिन और रात ठीक वैसे ही तुम और तुम्हारा ख्याल वो एक पल का एहसास जो दिल में सिमट जाता है या यूं कहें एक लंबी गहरी साँसों के साथ आलिंगन के सुख को महसूसते हुए और उन गुलाबी हवाओं का स्पर्श सीने में उतरकर जब दिल की मखमली दीवारों को गुदगुदाते हुए चूमती है तब पूरे दिल पर किसी के चाहतों,यादों की घेराबंदी हो जाती है सर झुककर खुद कुबूल कर लेता है ये हार बदलते समय के साथ परिवर्तन का नियम दिल पे नहीं चलता आप अपनी हालत पर रोए या हंसे प्रकृति कुछ नहीं करती क्षणिक आनंद जीवन भर की भरपाई बस यही है प्रेम का गड़बड़ हिसाब किताब। -बबली सिन्हा वान्या

मेरा सबसे नम्र निवेदन है कि सब

मेरा सबसे नम्र निवेदन है कि सब गर्वित हिन्दू चैत्रशुक्ल.प्रतिपदा यानि दिनांक 02.04.2022 को अपना नवबर्ष अवश्य पालन करें। कम से कम इतना तो जरुर करें। सब पीला या भगवा कपड़ा पहने माथे पर उसदिन तिलक अवश्य लगायें घर मे मिष्ठान्न(खीर आदि) बनायें घर की छत पर एक भगवा झंडा अवश्य लगायें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलकर या फोन पर नवबर्ष की शुभकामनाएं दें। संबधियों एवं मित्रों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। - किरन भण्डारी



तुम्हारी चाहत पाने के लिए मैंने हदें

तुम्हारी चाहत पाने के लिए मैंने हदें पार की थी अघोरी से लेकर मज़ारों तक मन्दिर से लेकर घाटों तक फिर लगा की इश्क़ के लिए गिड़गिड़ाना पड़े तो वह इश्क़ हैं ही नही और फिर मैंने तुम्हारा बिछोह स्वीकृत किया,सदियों के लिए। -सुरेखा अग्रवाल

नाम में क्या रक्खा है

नाम में क्या रक्खा है , वो भी तो बदल जाते हैं अक्सर । अजनबी नकाब के पीछे , अपने भी अजनबी हैं । अजनबियों का क्या , आज हैं कल गुज़र ही जायेंगे गम इस बात का है , उस भींड़ में कुछ अपने भी निकल जायेंगे । क्या फर्क पड़ता है , कि अजनबी नकाब में हो , फर्क पड़ता तब ,जब नकाब में कोई अपना हो।

- शिखा लाहीरी

होती है अभिव्यक्ति की,क्षमता

होती है अभिव्यक्ति की,क्षमता जिसके पास। जीवन में इंसान वह, जीता बनकर खास। जीता बनकर खास, प्रतिष्ठा जग में पाता। रखकर उच्चादर्श, सभी को राह दिखाता। बाँटे सबको नित्य ,ज्ञान के सुंदर मोती। रखे सौम्य व्यवहार ,उसी से इज्जत होती।। - डॉ बिपिन पाण्डेय

क्या हुआ गर दिल ये चकनाचूर

क्या हुआ गर दिल ये चकनाचूर है आपका ये फैसला मंजूर है ख़्वाब मेरा ख़्वाब ही रह जायेगा सच में मुझसे आज दिल्ली दूर है बढ़ रही मँहगाई रोज़ो - शब यहाँ रो रहा हालात पर मज़दूर है जबसे है माहौल नफ़रत का यहाँ आदमी बेबस , बहुत मज़बूर है जबसे हैं राहे - सदाक़त आप तो आपके चेहरे पे कैसा नूर है महफिलों में पूछ होती क्यूँ नहीं शोअरा में तू अगर मशहूर है पूछता उसको नहीं है अब कोई धीरे - धीरे सब नशा काफूर है बच के रहिये आप भी ‘ऐनुल’ मियाँ आदमी वो तो बहुत मग़रूर है।

- ‘ऐनुल’ बरौलवी

QUIZ TIME

1) भारत में पहली बार सेवा कर किस वर्ष से लागू किया गया है?

2) उदय सिंह को किस अन्य नाम से जाना जाता था?

3) समतापमण्डल किस गतिविधि के लिए उपयुक्त होता है?

4) राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना कब शुरू हुई?

5) जीवनी कमला हैरिसः अभूतपूर्व महिला के लेखक कौन हैं?

Ramaquiz



उत्तरमाला- (1) 1994-95 (2) राणा सांगा (3) शीतकालीन खेलों के लिए (4) अप्रैल, 2005 (5) चिदानंद राजघट्टा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1748 - स्पेनिश रोक जोकिन डी अल्क्यूबिएर द्वारा पोम्पी के खंडहर की खोज की गई। 1778 - न्यू ऑरलियन्स के व्यापारी ओलिवर पोलक ने अमेरिकी डॉलर का प्रतीक बनाया। 1793 - जापान में उनसेन ज्वालामुखी में विस्फोट से 53000 लोगों की मौत । 1826 - शमूएल मोरी एक आंतरिक दहन इंजन का पेटेंट किया। 1829 - विसेंट ग्युरेरो मेक्सिको के राष्ट्रपति बने। 1852 - दूसरा एंग्लो-बर्मा युद्ध आरम्भ हुआ। 1863 - अमेरिका में पहली बार युद्धकाल का भर्ती कानून प्रभाव में चलाया गया। 1867 - अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी पेरिस में खोली गयी। 1868 - हैम्पटन सामान्य और कृषि संस्थान हैम्प्टन के वर्जीनिया में स्थापित किया गया। 1886 - अमेरिका में कामगारों के लिये समय निर्धारित करने के लिए हड़ताल की गई, जिसके उपरांत 01 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस घोषित किया गया। 1893 - अमेरिका में नौसेना चीफ पैटी ऑफिसर के पद पर स्थापित किया गया। 1897 - भारतीय आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। 1936 - भारत के उड़ीसा राज्य की स्थापना हुई, जो कि पहले कलिंग या उत्कल के नाम से जाना जाता था। 1946 - सिंगापुर एक क्राउन कॉलोनी बना। 1949 - टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना हुई। 1956 -अमेरिकी चिकित्सा शोधकर्ता और विषाणुशास्त्री जोनास सॉल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध करायी गयी। 1958 - बीबीसी रेडियोफोनिक कार्यशाला की स्थापना की।

कलेक्टर नम्रता के त्वरित व संवेदनशील निर्णयों से जिले में विकास की आस बंधी

■ ठोस कार्ययोजना और नियमित समीक्षा से विकास कार्यो में आई तेजी

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। अपनी विषम और खास तरह की भौगोलिक विशेषता के कारण जिले में समावेशी विकास की कल्पना धरातल में उतर नहीं पाती। एकतरफ मैदानी और समतल क्षेत्र तो दूसरी ओर पहाड़ी, जंगली क्षेत्र से जिला में विकास भी आसमान दिखाई देता है। राजिम से लेकर देवभोग तक भूभाग में असमान और विषमता की खाई बढ़ती जाती है। ऐसे में जिले के मुखिया द्वारा विकास की ठोस योजना बनाना कई बार बेमानी साबित होता है। जिला प्रशासनिक इकाई का मुखिया यानी कलेक्टर के लिए भी चुनौतियां कम नहीं होती, जिले को जानना, समझना और विकास के प्राथमिकता तय करना आसान नहीं होता। जिले के पांच विकासखंड के तीन विकासखंड अधिसूचित है यानी आदिवासी वर्ग की बहुलता है। यहां अभी भी मूलभूत सुविधाओं की दरकार बनी रहती है। आए दिन इन क्षेत्रों की समस्याओं की सुर्खियां अखबारों में

देखने को मिलती है।

अभी लगभग तीन महीने पूर्व जिले की कमान संभाल रही आईएएस अधिकारी कलेक्टर नम्रता गांधी से यहां के रहवासियों को काफी उम्मीदें हैं। उनकी कार्यशैली में टिकाऊ और दीर्घकालीन विकास की कल्पना दिखाई देती है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसलिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिले में पहली बार कमार भुंजिया यानी विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 40 शिविर लगाए गए जिसमें इन वर्गो ने उत्साह से भाग लिए। मौकें पर ही सैंकड़ों आवेदनों का निराकरण किया गया। आदिवासी अंचल में मूलभूत सुविधा के लिए कलेक्टर संवेदनशील और गंभीर जान पड़ती है। अभी हाल ही मैनपुर के अंदरूनी क्षेत्र शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलकर यहां की वर्षों की मांग को दो महीने के भीतर पूरा किया। आदिवासी अंचल में अभी 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम की चेतावनी दी गई थी, उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शिविर लगाकर निराकरण करने का भरोसा दिलाते हुए लोगों का दिल भी जीत लिया। यहीं नही अंदरूनी क्षेत्र रसेला में ट्रांसफार्मर की मांग को तत्काल पूरा करते हुए बिजली की समस्या को हल कर दिया। इन संवेदनशील निर्णयों से झलकता है कि उनमें क्षेत्र की विकास करने की ललक है और ठोस रणनीति भी है। राजिम माघी पुन्नी मेला का भव्य और गरिमामय सफल आयोजन भी उनकी व्यापक सोच और ठोस कार्ययोजना का परिणाम है।

जिले में विकास की नियमित निगरानी और समीक्षा की आवश्यकता को अपने दैनिक कार्यों का हिस्सा मानते हुए प्रतिदिन दिए गए निर्देशों की समीक्षा से विकास कार्यों में तेजी आई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत अब तेजी से कार्य आगे बढ़ा रहा है।वहीं श्रम विभाग अंतर्गत श्रम कार्ड पंजीयन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया गया है। जिले में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण अंतर्गत 51 हजार पंजीयन किया गया है।जो प्रदेश में अग्रणी है। इसी तरह किसानों के लिए ई केवाईसी हो या फसल चक्र परिवर्तन की प्लानिंग हो, अभी से तैयारी की जा रही है। जिले में इस बार धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी अपने अनुशासन और कारगर रणनीतियों से योजनाओं को धरातल पर साकार करने की कोशिश कर रही है जिसका सुखद परिणाम भी जिलेवासियों को जल्दी ही दिखाई देगा।

महाग्रंथ 'स्वर्वेद शोभा यात्रा' व 'स्वर्वेद' भेंट का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। विहंगम योग संत समाज कांकेर द्वारा 2 अप्रैल दिन शनिवार, चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2079 को प्रातः 10 बजे से

भारतीय नव वर्ष के शुभ अवसर पर धार्मिक महाग्रंथ 'स्वर्वेद शोभायात्रा कम्यूनिटी हॉल से कांकेर शहर भ्रमण तथा शोभा यात्रा उपरांत 'स्वर्वेद भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 'विहंगम योग के प्रणेता अनंत सदगुरू सदाफलदेव महाराज द्वारा हिमालय की गुफा रचित 'स्वर्वेद' महाग्रंथ योग समाधि अवस्था में प्राप्त प्रत्यक्ष अनुभवों की अभिव्यक्ति है।' उपरोक्त आयोजन कोविड 19 महामारी के रोकथाम हेतु राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न किया जावेगा। इसकी जानकारी एनएल उईके एवं शिवेन्द्र सुरोजिया द्वारा दी गई है।

महिला बाल विकास अधिकारी हुई सेवानिवृत्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में पदस्थ जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रभा लकड़ा आज अपनी अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात् अपने पद से सेवानिवृत्त हुईं। श्रीमती लकड़ा 05 अक्टूबर 2017 से जिले को जिला महिला

बाल विकास अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहीं थीं। सेवा निवृत्ति के अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा प्रभा लकड़ा को शॉल एवं श्रीफल देकर उनके आने वाले भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गईं एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सुश्री वर्षा बंसल प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, सरिता सिंह परियोजना अधिकारी प्रतापपुर एवं स्टेनो श्री कुंदन सिन्हा उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने शिविर का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के ग्राम दिनकरपुर में वन विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप के विधायक लक्ष्मी ध्रुव, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मयंक पांडे और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ डीके तुर्रे और स्थानीय ग्राम पंचायतों के सरपंच ग्राम दिनकरपुर, जबर्रा, मुनईकेरा उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों के बारे में जागरूक कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना करना है। शिविर में 10 वृद्धजन हितग्राहियों को स्टिक और 05 को मौके पर नेत्र परीक्षण किया गया।

पाईप लाईन बिछाने गड्ढा खोदकर छोड़ा, राहगीर परेशान

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत देवपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी एवम पाईप लाईन निर्माण में ठेकादार द्वारा भारी लापरवाही गड्ढा खोदकर कई दिनों से ऐसे ही छोड़ दिया गया है जिसमें ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें एक बछड़ा गड्ढा में फंस गया था जिसे ग्रामीणों ने बहुत मशक्कत से निकाला। गांव-गांव में नल जल कनेक्शन के लिए कही गड्ढा खोद कर छोड़ दिया जा रहा है।

वन कर्मचारी संघ का हड़ताल जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। वन कर्मचारी संघ द्वारा 21 मार्च से शुरू हुआ निश्चित कालीन हड़ताल आज दसवें दिवस भी जारी रहा। वन कर्मचारी संघ के सभी सदस्य धरना स्थल राजीव गांधी पार्क में रोज की तरह सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक बैठ रहे हैं। जिलाध्यक्ष परसराम चंद्राकर ने बताया कि 29 मार्च को वन मंत्री के साथ प्रांताध्यक्ष श्री मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में प्रांतीय समिती का बैठक हुआ। बैठक में सहमति नहीं बन सकी। प्रांताध्यक्ष ने मांगो को पूरा करने संबंधी लिखित में आदेश जारी होने पर ही हड़ताल समाप्त करने की बात कही है। कबीरधाम के तरह ही प्रदेश के सभी जिलों में वन विभाग के कर्मचारियों का हड़ताल निरंतर चल रहा है। 12 सूत्रीय मांगो में मुख्य रूप से वर्ष 2003 में स्वीकृत 3050 वेतनमान देने, ग्रेड पे बढ़ाने, पुलिस विभाग की भांति 1 माह के अतिरिक्त वेतन देने, महाराष्ट्र सरकार की भांति 5000 पौष्टिक आहार भत्ता देने, विभागीय सेटअप पुनरीक्षण करने, का मांग प्रमुख रूप से शामिल है। दैनिक वेतभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, भृत्या व वन चौकीदारों को वनरक्षक के पद पर समायोजित करने की मांग प्रमुख है। महिला कर्मचारी भी हड़ताल में जोर शोर से सम्मिलित हो रही है। श्रीमती शिवकुमारी गोयल ने कहा कि वन कर्मचारी तब तक हड़ताल जारी रखेंगे जब तक हमारा मांग पुरा

नहीं हो जाता। ज़िला सचिव गणेश सिंह ठाकुर ने कहा कि यह आंदोलन आने वाले समय में और उग्र होने की संभावना है। सरकार हमारी मांग पर गंभीरता से विचार करे और सहानुभूति पूर्वक मांगो को पुरा करे। धरना स्थल पर सैकड़ो की संख्या में विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष तारकेश यादव, ज्ञानेश्वर आनन्द, सह सचिव सचिन राजपूत, हेमुराम कचलामे परिक्षेत्र अध्यक्ष रवि टंडन, अजीत पाल , भोलाराम साहू, श्रवण मरकाम, फलित यादव, संजय वर्मा, सुरेश देवांगन, कूमेश्वर नेताम, लालचंद साहू, अधीर मरावी, भूपेश कौशिक, बुनीफास एक्का, राजेंद्र नेताम, द्वारिका साहू, राजेंद्र शर्मा, तोमर मार्को, नारायन पटेल, संतोष पाण्डेय, जगन्नाथ कोशले, नागेन्द्र पटेल, घनश्याम शर्मा सहित संघ के लोग उपस्थित रहे। महिला कर्मचारियों में श्रीमती मीना धुर्वे, शिवकुमारी गोयल, मीरा कोमरे, अहिल्या ठाकुर ने हड़तली कर्मचारियों को संबोधित किया।

सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन ने नहीं दिया शर्तों के मुताबिक मुआवजा

■ 11 अप्रैल को सभी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन को आयोग ने किया रायपुर तलब

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एक दिवसीय बलौदाबाजार जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टोरेट सभागार में आयोग द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांश शिकायतें आदिवासी जमीन के बदले भू-स्वामियों को सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन ने अपने शर्तो के मुताबिक मुआवजा नहीं देने का था। जिस पर आयोग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए आगामी 11 अप्रैल को जिले के सभी सीमेन्ट कंपनी के प्रबंधकों को रायपुर कार्यालय पेशी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। इस मौके पर उन्होंने आज आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आदिवासियों के हित में चलाए जा रहे राज्य शासन के फ्लैगशिप योजनाओं, राजस्व से संबंधित प्रकरण, धारा-170 ख की जानकारी, वन अधिकारी पट्टा,

छात्रावासों की सुविधाएं सहित स्कालरशिप समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान जनजाति आयोग के सदस्य गणेश ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, कलेक्टर डोमन सिंह, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ.फ रिहा आलम सिद्धीकी उपस्थित थे। जन सुनवाई में मुख्य रूप से न्यू विस्टा कंपनी द्वारा रेल लाईन के लिए अधिग्रहण, खनन के लिए आदिवासियों की जमीन एवं अजाक थाने में मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से आवेदक झालेन्द्र ध्रुव ग्राम सरसेनी विकासखण्ड पलारी के द्वारा अल्ट्राटेक सीमेन्ट कंपनी द्वारा जमीन के अधिग्रहण में जमीन के बदले जमीन एवं नौकरी के शर्तो को पूरा नहीं करने का शिकायत किया गया। इसी तरह ग्राम हिरमी के रमाकांत ध्रुव द्वारा रोजगार नहीं देने की शिकायत की गई है। इसी तरह ग्राम चण्डी के आवेदक जग्गू राम द्वारा श्री सीमेन्ट पर बिना एग्रीमेन्ट किए रजिस्ट्री करने का शिकायत की गई है। एक अन्य प्रकरण में आवेदक गीता ध्रुव द्वारा सहायक खाद्य अधिकारी पर नौकरी लगाने के एवज में पांच लाख रूपये लेने का आरोप लगाया है। जिस पर कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए है। इसी तरह एक अन्य आवेदक उत्तम कुमार ध्रुव सदर लाईन रायपुर निवासी द्वारा अपने पिता सब इंस्पेक्टर संत कुमार ध्रुव की ड्यूटी के दौरान आकास्मिक मृत्यु के बदले अनुकंपा नौकरी नहीं मिलने की शिकायत की गई है। जिस पर आयोग के अध्यक्ष ने एसपी बलौदाबाजार से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी समेत आदिवासी समाज के प्रतिनिधि गण एवं आवेदक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

द हॉली किंगडम इंग्लिश सीनियर हॉयर सेकेंडरी स्कूल का कवर्धा में दबदबा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले का प्रथम अंग्रेजी माध्यम प्रतिष्ठित संस्थान हॉली किंगडम अंग्रेजी सीनियर हॉयर सेकेंडरी स्कूल कवर्धा द्व विगत 23 वर्षो से बोर्ड परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आते हैं और इस बार भी सीबीएसई कक्षा 10वीं कक्षा में कवर्धा जिले में आस्था परिहार 97. 5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर तथा स्कूल का रिपोर्ट 100 प्रतिशत रहा।

विद्यालय के सत्र 2021 - 22 का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा अधिकतम बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए इसके साथ कक्षा 11 वी गणित संकाय से यशपाल निर्मलकर 88. 6 प्रतिशत , विज्ञान संकाय से कुमकुम लहरी 88.06 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से नीलेश चंद्रवशी 87. 9 प्रतिशत, कक्षा 9 वी से आरुषि गुप्ता 95. 6 प्रतिशत, कक्षा 8 वी अपर्णा परमार 94. 25 प्रतिशत , कक्षा 7 वी दुष्यंत सिन्हा 95. 66 प्रतिशत, कक्षा 6 वी फरहान जावेरी 94प्रतिशत , कक्षा 5 वी अंजलि कौशिक 96. 04 प्रतिशत , कक्षा

4 थी समर प्रीत खुराना 84.07 प्रतिशत, कक्षा 3 री लक्ष्य चौर्या 97. 06 प्रतिशत, कक्षा 2 री नित्या बैश 96. 06 प्रतिशत, कक्षा 1 ली चित्रांशु पटेल 95. 45 प्रतिशत , कक्षा युकेजी दर्शील कुमार गुप्ता एवं हर्षिता साहू 95. 05, कक्षा एलकेजी शिवानी यादव 98 प्रतिशत, कक्षा नर्सरी जयवीर पटेल 98. 01 . प्रथम स्थान प्राप्त करके बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल एवं नगर के नाम को गौरवान्वित किया है।

अत्यंत खुशी एवं आनंद के साथ नगरवासियो को हॉली किंगडम अंग्रेजी सीनियर हॉयर सेकेंडरी स्कूल बताना चाहते है की हमारे स्कूल का पूर्व छात्र एलीमिनी श्री आकाश जैन आल इंडिया यूपीएससी में 94 रैंक प्राप्त किये हुए तथा मिस महिमा पट्टावी इस सत्र में डीएसपी एवं मिस भूमिका देसाई (सहायक संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग)पद पर कार्यरत है और हमारे हॉली किंगडम एलीमिनी ने आईआईटी एवं नेट में भी अपना योगदान किया है जिसमे श्री सक्षम खुराना, सार्थक खुराना सिद्धांत सोनी, प्रशांत चंद्रवंशी, मिस निशु चंद्रवंशी, हिमांशु लुनिया, मिस रिपलिका दिवाकर शामिल है और हॉली किंगडम एलीमिनी के छात्र -छात्राए चार्टर एकाउंट में भी कबीरधाम जिले का नाम ऊंचा किया है जिसमें श्रेया जैन नवनीत खुराना, काजल देसाई, वाशु अग्रवाल, कुजीत कौर खुराना भी शामिल है। हॉली किंगडम एलीमिनी ने मेडिकल सर्विस में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें डॉ. विनीत माहेश्वरी एमबीबीएस रेडियो लॉजिस्ट , डॉ. सिद्धार्थ जैन एम बी बी एस एम डी, डॉ. विरम लुनिया एमबीब्रीएस एम्स नई दिल्ली साथ में डॉ. रौनक पाहुजा एमबीबीएस , डॉ. अभिषेक यदु एमबीबीएस, डॉ. हुलेश नाथ योगी एमबीबीएस, डॉ. बबला साहू एमबीबीएस, डॉ. सृस्टि गुप्ता फिजियोथेरपिस्ट, डॉ. गरिमा साहू एमबीबीएस, डॉ. रियांशी मुटरेजा एमबीबीएस, डॉ. अजय साहू एमबीबीएस, डॉ. अलीशा कुरैशी, डॉ. प्रवीण साहू एमबीबीएस, डॉ. अंकिता महापात्रा एमबीबीएस, मिस कामिनी वारते, अनुष्का यदु, जसमीत कौर खुराना, जगनूर कौर पाहुजा, मयंक साहू, नम्रता साहू , जाहिर रजा कवर्धा के होनहार विद्यार्थी सम्पूर्ण भारत क्षेत्र में कार्यरत है।शाला के डायरेक्टर पास्टर जोश थॉमस तथा उपप्राचार्य मिस्टर जॉन प्रदीप एवं समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

एक दिवसीय राज्य स्तरीय एस्काड कार्यशाला आयोजन

उतई/नवप्रदेश। न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में छग शासन में राज्य के विभिन्न जिलों में सेवारत उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, पशु चिकित्सा

सहायक सर्जन और सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो के एकदिवसीय छ ग राज्य स्तरीय एस्काड कार्यशाला आयोजन की गया। इसमें पशु उत्पादकता (दुघ, मांस, अंडा, चमड़ा) और भारत की अर्थव्यवस्था में राज्य के पशु चिकित्सकों के योगदान की सराहना संजय चन्दन त्रिपाठी, आईएएस, संचालक छ ग शासन, पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर ने किया। पशुधन के संवर्धन और ग्रामीणों हेतु आजीविका मूलक कार्य छ ग शासन की सुराजी ग्राम योजना अंतर्गत विभागीय स्टाफ को जनपद के अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए किये जाने हेतु डॉ के के ध्रुव, अतिरिक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर ने कहा. डॉ लक्ष्मी अजगले संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने विभिन्न जिलों के अधिकारियो को रोग नियंत्रण को प्रभावी करते हुऐ किसानो के पशुधन की रक्षा कर लाभ देने प्रेरित किया. डॉ शंकर लाल उइके प्रभारी संयुक्त संचालक, रायपुर और उपसंचालक राज्य स्तरीय रेफरल पशु चिकित्सालय रायपुर ने टीकाकरण में कोल्ड चैन की महत्ता को रेखांकित करते हुऐ भारत सरकार की पशुओ को पहचान प्रदान करने वाली ऑनलाइन योजना इनफ तथा कृत्रिम गर्भाधान की एनएआईपी पर अधिक फ ोकस करने पशु चिकित्सकों को कहा. कार्यशाला प्रभारी डॉ महावीर सरसिहा संचनालय पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर ने प्रत्येक वर्ष आयोजन के जाने वाले ब्रूसीलोसिस, खुर पका पका टीकाकरण को ग्रामों के किसानो तक शत प्रतिशत पहुंचाने में विभागीय स्टाफ की सराहना किया।

एक आना बिल पटाने की जरूरत नहीं, बिजली विभाग कर रही सरकार की छवि खराब : प्रज्ञा

■ मीटर रीडिंग के लिए कोई गया ही नहीं, भेज दिया बिल 74 हजार का : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्रामीण इलाकों में आये अनाप शनाप बिजली बिल की शिकायत पर गुस्साई जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि जब तक बिल में सुधार नहीं होता, एक आना बिल पटाने की जरूरत नहीं है। एकल बत्ती कनेक्शन वाले मजदूर किसान के घर में 74 हजार का बिल, बिजली विभाग के कर्मचारियों का बेहद ही गैर जिम्मेदाराना रवैया है। भूपेश बघेल की सरकार बिजली का बिल हाफ कर रही है ताकि किसानों, न्यूनतम आय वर्ग के लोगों को राहत मिल सके, वहीं ये बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों मजदूरों को परेशान कर रहे हैं ताकि हमारे सरकार की छवि खराब हो, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिस पंचायत में जाते हैं वही 10/15 ऐसे किसान मिल जाते हैं जिनका बिजली के बिल के चक्कर मे नींद हराम हो गई हैं। नवलपुर के एक किसान ने घर में आये 34 हजार के बिजली के बिल से परेशान हो दारू पीना चालू कर देने की बात कहता हैं, तो कहीं महिला अपने घर के डेड मीटर को दिखा कर कहती है जब मीटर में करेंट ही नहीं तो बिल किस चीज का आया

है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा संग्रहित बिजली के बिल के आडिट होना जरूरी हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत नवलपुर में सरपंच नीता टंडन के साथ मिलकर मोहल्ला बैठक कर महिलाओं, किसानों और युवाओ की बात सुनी। शुशील टंडन, नरोत्तम टंडन, प्रतिमा टंडन, गणेश महंत, रूपदेव टंडन, रामजी बांधे, विष्णु महिलांगे, मोहित यादव, सुमित यादव, मोती लाल साहू ने मोहल्ला बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को अपनी समस्याएं सुनाई। रमेश सोनवानी एक नरेगा मजदूर है, औसतन 100 रुपये की आय के साथ बड़ी मुश्किल से अपना बसर कर रहा है, उसने बताया कि 2 साल से कोई मीटर रीडिंग के लिए नहीं आया, आज ये भारी भरकम बिल आया है, मैं अपनी पूरी पूंजी बेच दूँ तो भी ये बिल नहीं पटा सकता, जब तक हमारा बिल नहीं सुधरेगा तब तक अंधेरे में ही रहने मजबूर हैं, पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने मुहल्ले में दरवाजे के परछी में बैठक कर हम सबकी बात सुनी, हमारे दर्द और मजबूरी को समझा हैं। गांव की महिला सुनीला टंडन ने कहा इन छोटी छोटी मोहल्ला बैठकों में हम अपना बात रख भी पाई, बड़ी सभाओ में आवेदन लेकर कोई सुनता भी नहीं, न हम हिम्मत कर सब के सामने बोल पाती हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने विद्युत विभाग के अधिकारी गुलाब साहू को दूरभाष पर चर्चा कर बिल की विसंगतियों को दूर कर ग्रामीणों को राहत दिलाने को कहा।

साइबर विस्तारक जिला प्रभारी व विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा संगठन आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला एवं विधानसभा प्रभारियों के रूप में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा को संगठित करने के लिए जिम्मेदारी दिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देशानुसार दुर्ग संभाग प्रभारी विकाश ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा के अनुसंशा पर बेमेतरा जिला सोसल मीडिया साईबर प्रभारी कमल साहू को बनाया गया। जिले के तीनों विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति किया गया। बेमेतरा विधानसभा प्रभारी निखिल साहू, साजा विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र साहू और नवागढ़ विधानसभा प्रभारी महेंद्र जायसवाल को नियुक्त किया गया। आगामी 2023 की चुनाव की लड़ाई जमीन के

साथ साथ सोसल मीडिया के माध्यम से भी लड़ा जाएगा, जिसके मद्देनजर पार्टी ने बूथ स्तर तक अपने कार्यकर्ता को संगठित कर जनता के बीच जाकर मोदी सरकार के कार्यो को जनता के बीच लेकर जाएंगे और राज्य सरकार के विफ लता को जनता को बताएंगे।

महाकाली मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा नवरात्र

■ आयोजन समिति ने बैठक में लिए कई निर्णय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बाबू टोला वार्ड क्रमांक-1 शक्ति धाम महाकाली मंदिर में नवरात्रि पर्व इस साल धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगराता, झांकी व भोग-भंडारा के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवरात्र उत्सव की तैयारी को लेकर आयोजित बैंठक में विभिन्न निर्णय लिए गए हैं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए गुरुदेव हरीश यादव ने कहा, इस वर्ष नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। नवरात्रि के 9 दिनों में कई धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। दो अप्रैल को हिन्दू नव वर्ष के साथ ही नवरात्र प्रारंभ होगा। एकम को घट स्थापना की जाएगी। तीन अप्रैल को ज्ञान गंगा जस झांकी परिवार संस्कारधानी नगरी कन्हारपुरी राजनांदगांव का कार्यक्रम होगा। चार अप्रैल को शुभांजलि मानस एवं जगराता परिवार बगदई राजनांदगांव, 5 अप्रैल को नवरत्न जस झांकी परिवार ककरेल राजनांदगांव, 6 अप्रैल को मां चंडिका भजन ग्रुप नया पारा दुर्ग व 7 अप्रैल को जय मां लक्ष्मी बालिका जस मंडली की प्रस्तुति होगी। इसी तरह 8 अप्रैल को जय बाबा रोकड़नाथ शीतला सेवा जस झांकी परिवार नर्धा दुर्ग का कार्यक्रम होगा।

श्री यादव ने बताया कि प्रत्येक कार्यक्रम रात्रि 7.30 से 11 बजे तक होगा। अष्टमी को विशेष हवन का कार्यक्रम व 9 मई को विशाल भंडारा का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में शंभू यादव, खिलावन सेन, दुर्गा यादव, बिलेश्वर देवांगन, त्रिगुण सादानी, अनूप श्रीवास, प्रशांत वर्मा, कौशल दास, भोज राम, चंद्र साहू, पितांबर देवांगन, श्यामू साहू, भगवती निषाद, किशन चौरसिया, किशन वर्मा, प्रांशु भारद्वाज, अक्षय, निखिल, संतोष व टेकराम भार्गव समेत आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

प्राथमिक शाला पहुंची कलेक्टर, बच्चों के जवाब से हुई गदगद, बांटी चॉकलेट

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने बरपाली में ग्राम पंचायत भवन, शासकीय प्राथमिक शाला, राजस्व निरीक्षक और पटवारी कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान पंचायत भवन में आए हुए ग्रामीणों से भी बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने पंचायत भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किए जा रहे ई केवायसी कार्य का अवलोकन किया। साथ ही सभी पात्र किसानों के ई केवायसी समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली में जाकर स्कूली बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने कक्षा पांचवी में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली तथा मन लगाकर पढ़ाई करने और सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार कलेक्टर ने कक्षा दूसरी की छात्रा निधि गौतम से बात की और अच्छे पढ़ाई के लिए शाबाशी दी। कलेक्टर साहू ने इस दौरान स्कूली बच्चों को चॉकलेट का भी वितरण किया। इस दौरान बरपाली में राजस्व निरीक्षक और पटवारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरआई और पटवारी कार्यालयों में जाकर ग्रामीणो के आए हुए आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण कर ऑनलाइन दुरुस्तीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व निरीक्षक कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और नस्तियों का व्यवस्थित संधारण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बिना परेशानी के शासकीय सेवाओं का लाभ समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन में सांसद बैज ने दिल्ली में संभाला मोर्चा

जगदलपुर/नवप्रदेश। गुरूवार को पूरे देश भर में बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी तारतम्य में दिल्ली के विजय चौक में राहुल गांधी के नेतृत्व में सभी कांग्रेसी सांसदों ने बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफधरना प्रदर्शन किया। देश भर में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल डीजल एवं गैस के कीमतों के विरुद्ध सांसदों ने विजय चौक में धरना दिया। जिसमें बस्तर सांसद दीपक बैज भी शामिल होकर इस धरना में नारे बाजी करते हुए जबरदस्त मोर्चा संभाले रखा।

पूर्व सरपंच कांग्रेस में हुए शामिल, संसदीय सचिव ने दिलाई सदस्यता

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितैषी नीतियों एवं विधायक रेखचंद जैन के विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत लैण्ड्रा के सरपंच पूर्व सरपंच धीरनाथ कश्यप ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी द्वारा डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। जिसके तहत ग्राम पंचायत लैण्ड्रा के पूर्व सरपंच राज्य सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिस पर विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। पूर्व सरपंच धीरनाथ कश्यप ने कहा की हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनहितैषी नीतियों एवं विधायक रेखचंद जैन के कार्यों से प्रभावित होकर आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं । उन्होंने कहा की मैं पूर्व में सरपंच था, वर्तमान में मेरी पत्नी सरपंच है। पर जितना विकास कार्य पिछले तीन सालों में हुआ है । उतना कार्य पिछले पंद्रह सालों में भी नहीं हुआ था। अतः इन विकास कार्यों से प्रभावित होकर मैं कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं।

तहसीलदार, आरआई व 5 पटवारियों को नोटिस जारी

- तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंची कलेक्टर

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने तहसील कार्यालय बरपाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने फौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि के लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी मौके पर मौजूद तहसीलदार से ली। उन्होंने आरआई और पटवारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों का अवलोकन किया। फौती नामांतरण के प्रकरण के निराकरण में नियमानुसार पूरी सुनवाई नहीं करने और निराकरण के दौरान पूर्ण राजस्व प्रक्रिया का पालन नहीं कर आदेशार्थ प्रस्तुत करने के लिए तहसीलदार आराधना प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश एसडीएम कोरबा को मौके पर ही दिए। उन्होंने आरआई और पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही प्रकरणों का हल्का वार अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने आरआई प्रतिवेदन के लिए लंबे समय से लंबित सीमांकन के प्रकरण के लिए राजस्व निरीक्षक करुणा मैत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरण निराकरण के लिए लंबे समय से तथा 10 से अधिक पेशी से पटवारी प्रतिवेदन के लिए लंबित होने के कारण 05 पटवारियों ममता सिंह, मंजूलता, सूरज कुमार, देवेंद्र तंवर और इशरत परवीन को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर साहू ने जन चौपाल में आए प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने तथा अलग से रजिस्टर में जानकारी संधारित करने के निर्देश दिए।

सीमांकन प्रतिवेदन के आधार पर निरस्त किया गया स्टे आर्डर

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ तहसील कार्यालय में निर्माण कार्य के संबंध में स्टे आर्डर निरस्त किए जाने के बारे में नायब तहसीलदार श्रुति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक पूरन सिंह पिता पाण्डू खडिया निवासी ग्राम पंडरीपानी पूर्व के द्वारा 29 मार्च 2022 को न्यायालय में आवेदन पेश कर स्वयं के जमीन खसरा नंबर 24/1 पर अनावेदकगण के द्वारा दीवाल निर्माण किये जाने से रोकने बाबत प्रस्तुत किया गया, जिस पर मामला क्रमांक 202203043400052/ अ-70/21-22 दर्ज कर मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुये अनावेदकगण के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी किया गया। उक्त आदेश की तामिली अनावेदकगण को की गई। अनावेदकगण उपस्थित होकर उनके द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि मेरे द्वारा स्वयं की भूमि खसरा नंबर 22/1 एवं 22/2 पर सीमांकन पश्चात निर्माण किया जाना बताया गया। जिस पर हल्का पटवारी को बुलाया जाकर प्रकरण के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। पटवारी से प्राप्त जानकारी, सीमांकन प्रतिवेदन के अवलोकन के पश्चात यह पाया गया कि आवेदक और अनावेदकगण की भूमि के मध्य खसरा नंबर 23 भी उपस्थित है, जो कि शासकीय भूमि है। आवेदक एवं अनावेदकगण की भूमि भिन्न-भिन्न स्थानों में स्थित है तथा पटवारी द्वारा यह जानकारी दी गई कि अनावेदकगण स्वयं की भूमि पर निर्माण कार्य कर रहे हैं।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, धमतरी

भोजन, वाहन तथा हॉल एवं ठहरने की व्यवस्था हेतु निविदा सूचना

क्रं. CMHO/2022 (...द्वितीय खुली निविदा ...) धमतरी, दिनांक ....

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-धमतरी (छ.ग.) के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए वर्ष 2022-23 में **भोजन व्यवस्था, वाहन व्यवस्था तथा हॉल एवं ठहरने की व्यवस्था हेतु लगभग 1 करोड़ का बजट प्रस्तावित है जिसके लिए** अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. भोजन व्यवस्था :- भोजन में पतला चावल, अरहर दाल, आटे की रोटी, दो प्रकार की सब्जी, पापड़, सलाद, आचार एवं एक बार नास्ता एवं मीठा (प्रतिदिन बदलकर आलूगुण्डा, समोसा, इडली, पोहा- जलेबी, सांभर बड़ा, पकौड़ा में से कोई एक) सुबह- शाम चाय और बिस्किट। पानी बाटल 500 एमएल (स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता)

2. वाहन व्यवस्था :- राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु दल हेतु प्रत्येक विकासखण्ड तथा जिला स्तर के लिए वाहन (चार पहिया) मासिक किराया के आधार पर वाहन की आवश्यकता है।

3 हॉल एवं ठहरने की व्यवस्था :- जिला स्तर में प्रशिक्षण/बैठकों के आयोजन तथा समय-समय पर राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा/सुचारू संचालन हेतु जिला भ्रमण में आये राज्य कार्यालय के अधिकारियों के लिए हॉल एवं ठहरने की व्यवस्था हेतु।

इच्छुक स्वयं सहायता समूह/फर्म/ व्यक्ति उपरोक्त कार्यों/ व्यवस्था हेतु अलग-अलग निविदा अलग-अलग शर्तों के अधीन फार्म भरना होगा।

इच्छुक स्वयं सहायता समूह/फर्म/व्यक्ति, कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी के नाम से मुहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (प्रपत्र/निर्धारित शर्त) अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में 500/- (पांच सौ रुपए मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट (Not Refundable) जमा कर निम्न तिथि अनुसार प्राप्त किया जा सकता है :-

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक 11/04/2022 कार्यालयीन समय तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 13/04/2022 समय दोपहर 03.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 13/04/2022 समय शाम 04.00 बजे तक।
निविदा खोलने का स्थान - कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला धमतरी (छ.ग.)

संवाद-31938/2

प्रथम पृष्ठ का शेष...

वित्तीय वर्ष के अंतिम...

विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों को आदान सहायता राशि दी जा रही है। इस योजना में राज्य सरकार किसानों के खातों में बीते दो वर्षों में 11 हजार 180 करोड़ 97 लाख का भुगतान कर चुकी है।

वहीं सीएम भूपेश ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 71.08 करोड़ रूपए की दूसरी किस्त भी जारी कर दी है। साथ ही पशुपालकों, महिला समूहों और गोठान समितियों को 13.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वहीं 728 तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को मिले 10.91 करोड़ रुपए की बीमा राशि दी गई। मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूहों को 13.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया। गोधन न्याय योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा पशुपालकों, स्व-सहायता समूहों एवं गौठान समितियों को अब तक 226.18 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

आज सक्ती को 226 ..

कड़ारी से गत्वा मार्ग और 3.54 लाख रूपए की लागत से संजयग्राम से बस्ती बाराद्वार मार्ग शामिल है। इसके अलावा 20 लाख रूपए की लागत से शासकीय चिकित्सालय भवन सक्ती में ऑक्सीजन प्लांट के लिए शेड निर्माण, ग्राम गड़गोड़ी में 30 लाख रूपए की लागत से 2 यूनिट वर्क शेड स्ट्रांग रूम, 2 करोड़ 5 लाख 70 हजार रूपए की लागत से दारंग एनीकट का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा बम्हनीडीह के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बाराद्वार में 7 लाख रूपए की लागत से कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण, 7.6 लाख रूपए की लागत से प्रयोगशाला कक्ष निर्माण, 9 लाख रूपए की लागत से पुस्तकालय कक्ष निर्माण और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीडीएम सारागांव में 7 लाख रूपए की लागत से कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।

लोगों को घरों के ...

प्रदान की जा रही है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के जरिए प्रदेश के 14 नगर निगमों के लगभग 900 स्लम क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के लिए अब तक कुल 23884 शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें 1703306 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। 1406821 मरीजों को दवा वितरण एवं 326619 मरीजों का लैब टेस्ट हुआ है।

दाई-दीदी क्लीनिक ...

में महिला चिकित्सक और महिला पैरामेडिकल स्टाफद्वारा महिलाओं को इलाज की सुविधा मिल रही है। यह योजना महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के मध्य बहुत लोकप्रिय है। दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत कुल 1182 कैंप आयोजित किए गए हैं, जिनमें 89796 महिला मरीजों का इलाज किया गया है। 86129 महिलाओं को दवा का वितरण किया गया है। 16114 मरीजो का लैब टेस्ट किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु ...

किया गया था। यह कोटा एमबीसी के लिए तय 20 फीसदी आरक्षण में से ही दिया जाना था। इस फैसले के तुरंत बाद इसे हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। तब शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया था कि इस बारे में हाई कोर्ट फैसला देगा।

एक ही परिवार ...

जांच कर रही है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मनरेगा के बजट में ...

ज़्यादा किया है।

सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने श्रीमती गांधी के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सरकार ने मनरेगा के बजट में कटौती नहीं की है, बल्कि इसमें बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में मनरेगा में भ्रष्टाचार होता था जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की मौजूदा सरकार ने मनरेगा के भुगतान को सीधे जनधन खातों के ज़रिए श्रमिकों तक पहुंचाने का कार्य किया।

राहुल ने सिलेंडर-बाइक...

वेणुगोपाल और कई अन्य सांसद शामिल हुए। कांग्रेस सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान राहुल गांधी ने मोटरसाइकिल और सिलेंडर पर फूल माला भी चढ़ाई।

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

क्र. 1623/न.पं./राजस्व/2021-22
नगरी, दिनांक 30/03/2022

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राधिका साहू पति श्रवण कुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम भोथली तहसील नगर, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा वार्ड क्र. 05 में श्री माखनलाल सिन्हा पिता रामदयाल सिन्हा के नाम पर दर्ज काबिज मलमा को मलमा बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय कर अपना नाम संग्रहण पंजी में नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 29/04/2022 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/03/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

मैन्युअल तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 25/ले.शा./का.अभि./लोस्वायां./2021-22 बिलासपुर, दिनांक 25/03/2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु एकल पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र अ में प्रतिशत दर पर केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की समय सारणी

1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि — 11.04.2022 (कार्यालयीन अवधि में)
2. कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राशि जमा करने एवं कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि — 13.04.2022 (कार्यालयीन अवधि में)
3. निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्ट़र्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय — 19.04.2022 (सायं 4.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 19.04.2022 (सायं 5.00 बजे के पश्चात)

कार्य का विवरण

समूह क्रमांक 01 एवं 02 विकासखंड मस्तुरी, कोटा के ग्रामों में 10.10 नग नलकूप खनन एवं स्थापना का कार्य। कार्य की अनुमानित लागत रु. 6.34 लाख एवं धरोहर राशि 4800.00 प्रति समूह
कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750/- कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित 02 माह प्रति समूह

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंश है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 11.04.2022 कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है एवं आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

'' हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें ''

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-69074/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)

ईमेल- eemun-phe-cg@nic ट्राजिट हॉस्टल, जेल रोड मुंगेली फोन- 07755-264172, 205475

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-
कार्य का विवरण :- जिला मुंगेली के विकासखण्ड- पथरिया के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम जल प्रदाय योजना कार्य।

क्र.	निविदा सूचना क्र./ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम का नाम	विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	226/25.03.2022	96082	पेन्ड्री	पथरिया	115.37
2	227/25.03.2022	96083	दरूवनकापा	पथरिया	56.95
3	228/25.03.2022	96084	भखरीडीह	पथरिया	43.85
4	229/25.03.2022	96085	अमलडीहा	पथरिया	105.90
5	230/25.03.2022	96086	घुठेली	पथरिया	123.53
6	231/25.03.2022	96087	धोधापुर	पथरिया	54.76
7	232/25.03.2022	96088	खुटेरा	पथरिया	100.12
8	233/25.03.2022	96089	बरदुली	पथरिया	64.69
9	234/25.03.2022	96090	बछेरा	पथरिया	121.57
10	235/25.03.2022	96091	तोरला	पथरिया	78.55
11	236/25.03.2022	96092	मोतिमपुर	पथरिया	60.58
12	237/25.03.2022	96093	भरेवा	पथरिया	78.85
13	238/25.03.2022	96094	त्रिभुवनपुर	पथरिया	63.97
14	239/25.03.2022	96095	डिघोरा	पथरिया	59.60
15	240/25.03.2022	96096	जुनवानी	पथरिया	95.24
16	241/25.03.2022	96097	सेन्द्री	पथरिया	62.68
17	242/25.03.2022	96098	कलारजेवरा	पथरिया	84.66

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 17.04.2022

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 27.03.2022 से देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली
जिला- मुंगेली (छ.ग.)

जी-69061/6

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

निविदा सूचना

क्र. 79/नपानि/जोन-4/लो.क.वि./2022 रायपुर, दिनांक 29.03.2022

आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर की ओर से प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति (प्रथम में अमानती राशि, अन्य कागजात एवं द्वितीय में निविदा प्रपत्र) में सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।
1 निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 18.04.2022 को सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25.04.2022 को सायं 4.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 26.04.2022 को सुबह 11.00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	अवधि	निविदा प्रपत्र	एस.ओ.आर./ नॉन एस.ओ.आर.
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत विधायक जी की गली बांसटाल क्षेत्र में डामरीकरण कार्य।	13.43	14000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	2 माह	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
2	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत कालीबाड़ी स्कूल से चांदनी चौक तक डामरीकरण कार्य।	17.25	18000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	3 माह	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
3	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत चार नल चौक से मुख्य मार्ग तक डामरीकरण कार्य	6.33	7000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	2 माह	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
4	मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र. 46 अंतर्गत सिद्धी क्लीनिक से होंडा शोरूम तक डामरीकरण कार्य।	5.75	6000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	2 माह	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
5	डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क्र. 64 अंतर्गत कैलाशपुरी स्थित गुप्ता गली एवं सामुदायिक भवन दुलारी नगर के सामने सी.सी. नाली एवं रोड निर्माण कार्य।	18.81	19000.00	750.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	3 माह	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015
6	जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न जगहों पर बी.टी. रोड मार्किंग एवं जेब्रा क्रांसिंग निर्माण कार्य।	2.00	2000.00	300.00	'डी' श्रेणी एवं उससे उपर	15 दिन	प्रपत्र ''अ''	पीडब्ल्यूडी भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015

नोट - 1. निविदा से संबंधित दस्तावेज/जीवित पीडब्ल्यूडी लायसेंस/जीएसटी रिटर्न सर्टिफिकेट/पेन कार्ड/03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न/ 03 माह का जीएसटी रिटर्न निविदा जारी होने के 03 माह पहले का/राशि रु. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईज्ड)/ जीवित बैंक साल्वेंसी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि (एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।) (लिफाफा संबंधी निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे)
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

रंग लाई कलेक्टर की पहल, एक ही दिन में 34 हजार 144 लोगों की जांच

- एनसीडी कैम्प में 901 बीपी और 643 शुगर के नये मरीजों की हुई पहचान
- कैम्प में चिन्हांकित मरीजों की होगी मॉनिटरिंग, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में होगा नि:शुल्क ईलाज

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू की नागरिकों में गैर संचारी रोग बीपी और शुगर की जांच कर बीमारी बढ़ने से पहले मरीजों का ईलाज सुनिश्चित करने की पहल रंग लाई है। 30 मार्च को जिले में आयोजित एनसीडी कैम्प में 901 उच्च-निम्न ब्लड प्रेशर के नये मरीजों की पहचान हुई है। इसी प्रकार 643 शुगर वाले मरीजों की पुष्टि हुई है। कैम्प के दौरान एक ही दिन में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 34 हजार 144 लोगों की ब्लडप्रेशर की जांच की गई। इसी प्रकार कुल 34 हजार 80 लोगों में शुगर की जांच की गई। कैम्प के माध्यम से चिन्हांकित बीपी, शुगर के मरीजों की मॉनिटरिंग की जायेगी। इसके माध्यम से लोगों को बीपी, शुगर बीमारी से बचाव और ईलाज के लिए हर 15 दिन में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर शुगर, बीपी की जांच कराने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही मरीजों का ईलाज शासकीय

स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क ईलाज किया जायेगा। ज्यादातर लोग बीपी शुगर बीमारी के प्रति जागरूक नहीं होते। जिससे बीमारी बढ़ने का खतरा रहता है। कलेक्टर साहू ने बीमारी बढ़ने से पहले ईलाज शुरू करने के लिए 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की बीपी शुगर की जांच कराने एनसीडी कैम्प लगाने के निर्देश दिए थे। एनसीडी कैम्प के अन्तर्गत जिले में 201 कैम्पों का आयोजन किया गया था। इनमें 901 नये और दो हजार 130 पुराने सहित कुल तीन हजार 231 उच्च-निम्न रक्तचाप के मरीज मिले। इसी प्रकार 643 नये और दो हजार 747 पुराने सहित कुल दो हजार 390 मधुमेह के रोगी मिले।

कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का चिन्हांकन कर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में वृहद स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा चुका है। वृहद स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से दस हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच और ईलाज किया जा चुका है। सीएमएचओ डॉ. बीबी बोडे ने बताया कि बीपी शुगर जांच कैम्प में सर्वाधिक विकासखंड कोरबा में 8613, करतला में 405, पाली में 6111, पोंड़ी उपरोड़ा में 3071, शहरी क्षेत्र में 3918 और विकासखंण्ड कटघोरा में 3026 जांच किया गया। इस दौरान 17238 पुरूषों और 16906 महिलाओं की जांच की गई। जांच उपरांत जांच रिपोर्ट में सर्वाधिक शहरी क्षेत्र में 276 नये बीपी के मरीजों की पुष्टि हुई। इसी प्रकार विकासखंड करतला में 240, कोरबा में 132, पाली में 119, कटघोरा में 83 और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा में 51 नये बीपी के मरीजों की पुष्टि हुई है। एनसीडी कैम्प में जांच के उपरांत शहरी क्षेत्र में सर्वाधिक 201 नये शुगर के मरीज मिले हैं। इसी प्रकार विकासखंड करतला में 120, कोरबा में 119, कटघोरा में 92, पाली में 87 और विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा में 24 शुगर के नये मरीज मिले हैं।

रोजगार मेला में 340 आवेदक हुए शामिल

रायगढ़/नवप्रदेश। भारत सरकार, संकल्प परियोजना अंतर्गत निजी क्षेत्र की रिक्तियों के लिए जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में किया गया। जिसमें कुल 577 रिक्तियों के लिए 10 नियोजकों द्वारा उपस्थित होकर विभिन्न पदों के लिए चयन की कार्यवाही की गई। रोजगार मेला के विभिन्न पद हेतु कुल 340 आवेदकों द्वारा भाग लेकर विभिन्न पदों के लिए पंजीयन किया गया। उपस्थित नियोजकों द्वारा अतिशीघ्र अंतिम चयन की स्थिति से अवगत कराया जावेगा।

न्यूज गैलरी

मां मड़वारानी मंदिर में भक्ति भाव से जलेंगे मनोकामना के ज्योति कलश

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। मां मड़वारानी मंदिर में चौत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर पूरे भक्ति भाव के साथ मनोकामना के ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे, इस हेतु तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई है। इस बार मनोकामना तेल ज्योति कलश हेतु सहयोग राशि 601 रूपए रखी गयी है। जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड नंबर 16 चंदनिया पारा डबरीपार स्थित मां मड़वारानी मंदिर में चौत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मनोकामना ज्योतिकलश की स्थापना की जाएगी। मंदिर के पुंजारी पं. राजकुमार दुबे ने बताया कि चौत्र शुक्ल पक्ष 1 शनिवार 2 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ मनोकामना तेल ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मां मड़वारानी मंदिर विकास सेवा समिति के धर्मेन्द्र यादव पटवारी ने बताया कि इस बार मनोकामना तेल ज्योति कलश हेतु सहयोग राशि 601 रूपए रखी गयी है। उल्लेखनीय है कि मां मड़वारानी मंदिर डबरीपार जांजगीर में चौत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर विगत अनेक वर्षो से तेल मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं वहीं मंदिर परिसर में अखंड ज्योतिकलश भी विगत कई वर्षो से प्रज्वलित है।

तिलाई डबरा में किया गया जल सभा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। केंद्र और राज्य शासन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मोर गांव, मोर पानी अभियान चलाया जा रहा है। जहां भू-जल स्त्रोतों का संचय, संवर्धन एवं संरक्षण के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला जल स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष अजीत वसंत के निर्देश और जिला जल जीवन मिशन के सचिव संजीव बृजपुरिया के मार्गदर्शन में जिले के विकासखण्ड लोरमी के वनांचल ग्राम तिलाई डबरा में जल सभा का आयोजन किया गया। ग्राम जल सभा में जल स्त्रोतों का चिन्हांकन, उनका संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ भावी पीढ़ी के लिए शुद्ध जल का उपलब्धता आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अमित श्रीवास एवं सुनील राठौर द्वारा जल संरक्षण की विधि, जल का उचित प्रबंधन आदि के संबंध में जानकारी देकर लोगों को प्रेरित किया गया।जल सभा के दौरान ग्राम के कोटवार सरहू और ग्राम पंच ने भी जल संरक्षण को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान समन्वयक हर्ष वीर वैष्णव, अमित लहरे सहित ग्राम तिलाई डबरा के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

राजीव गांधी जलाशय में लोगों को शीघ्र मिलेगी नौका विहार की सुविधा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के जीवनदायिनी मनियारी नदी पर निर्मित खुड़िया बांध (राजीव गांधी जलाशय) में लोगों को शीघ्र ही नौका विहार की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने लोरमी विकासखण्ड के ग्राम खुड़िया के राजीव गांधी जलाशय पहुंचकर वहां नौका विहार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वहां निर्मित सीढ़ी, रैम्प, नौका, जेटी, निर्माणाधीन पैगोड़ा आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस राजपूत, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

विस के उत्कृष्ट विधायक नेताम के स्वागत के लिए विश्रामपुरी में उमड़ा जनसैलाब

केशकाल/नवप्रदेश। केशकाल विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम को विस बजट सत्र में उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मान मिलने के पश्चात समूचे विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों कांग्रेसियों व आमजन द्वारा विधायक के स्वागतों की लहर चल रही है। इसी क्रम में बुधवार को विधायक पहली बार विश्रामपुरी पहुंचे थे। जहां उनके स्वागत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेसी पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में ग्रामवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जहां अस्पताल परिसर के सामने से गाजे-बाजे एवं जमकर हुई आतिशबाजी के साथ काफि ला कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा। ततपश्चात विधायक के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान ने कहा कि आप सभी क्षेत्रवासियों ने संतराम नेताम जी को जिस आशा और उम्मीद के साथ अपना महत्वपूर्ण वोट देकर विधायक के रूप में चुना और विधानसभा में प्रवेश करने का अवसर दिया है, उस प्रत्येक वोट का सम्मान करते हुए विधायक सन्तराम जी ने अपना सर्वश्रेष्ठ

प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप उन्हें 90 विधायकों में से सबसे उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला है यह समूचे बस्तरवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए विधायक संतराम नेताम ने कहा कि विश्रामपुरी के समस्त युवा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजन को इस शानदार स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बडेराजपुर ब्लॉक के ग्राम पलना निवासी एक गरीब आदिवासी किसान के बेटे को वर्ष 2013 में आप लोगों ने पहली बार विधायक के रूप में चुना था। केशकाल विधानसभा इतिहास का रिकार्ड तोडते हुए वर्ष 2018 में लगातार दूसरी बार मुझे आप लोगों ने विधायक के रूप में चुना था। आप सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को जिम्मेदारीपूर्वक लेते हुए मैंने पूरी दमदारी के साथ विधानसभा में आवाज बुलंद किया था जिसके परिणामस्वरूप मुझे उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला है। मैं आप सभी से यह वादा है कि आप सभी ने जितना प्यार और आशीर्वाद देते हुए मुझ पर विश्वास किया है मैं आपके विश्वास पर शत प्रतिशत प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, योजना आयोग के सदस्य धन्नूराम मरकाम, जेठूराम मण्डावी, यूनुस पारेख, हीरालाल मरकाम, विजय लांगड़े, हेमा देवांगन, विशाल शर्मा, नरेंद्र जैन, साजिद आडवाणी, कमलेश ठकयर, ज्ञानदास कोर्राम, श्रीपाल कटारिया, इमरान आडवाणी, ईश्वर बैस, श्यामा साहू, बिंदा मेश्राम, अमरनाथ राणा समेत स्थानीय जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद सदस्यगण एवं सरपंचगण के साथ हजारों ग्रामीणजन मौजूद रहे।

तक्षशिला स्कूल तुस्मा में रक्तदान शिविर का आयोजन

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। तक्षशिला स्कूल तुस्मा शिवरीनारायण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां नगर के युवाओं ने रक्तदान किया। गौरतलब है कि वर्तमान समय में अनेकों प्रकार की घटनाएं दुर्घटनाएं घटती रहती है इस कंडीशन में बहुत सारे व्यक्तियों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है और इस बीच में अनेकों जगह कैंप भी लगते हैं जिसमे मानव सेवा का परिचय देते हुए रक्त दान किया जाता है। ये ऐसा मौका होता है जिसमे जात पात रंग रूप धर्म लिंग कुछ भी नही देखा जाता यहां केवल खून का रंग लाल ही सब कुछ होता है ये ऐसा अवसर है खुद के रक्त को किसी और को रगो में बहने का। रक्त दान संसार में सबसे बड़ा दान होता है इसमें आप किसी को नई जिंदगी दे रहे होते हैं।आज बहुत सारे ब्लड बैंक भी ओपन हो चुके हैं लेकिन ये सिर्फ बड़े शहरों में ही है जहां से गांव नगरों तक रक्त पहुंचने में या तो समय लगता है या पहुंच भी नहीं पाता ऐसे में तुस्मा शिवरीनारायण में ब्लड कैंप लगाना वाकई में कबीले तारीफ है ऐसे आयोजन के

लिए आयोजन कर्ता तक्षशिला स्कूल की जितनी भी तारीफ किया जाए वह वाकई कम है।ऐसे परोपकारी कार्य के लिए आसपास के लोग आयोजन कर्ता के हमेशा आभारी रहेंगे और ऐसे हि सहयोग की अपेक्षा करते रहेंगे।आज का दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि आज तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल में आज रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के माता पिता परिजन सहित अनेकों ने रक्तदान किया। वहीं नगर के पत्रकारों ने भी रक्तदान की। बालाजी चौरिटेबल ब्लड सेंटर बिलासपुर एवं तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल के तत्वधान में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विजय नागेश सभी शिक्षक शिक्षिकाएं स्कूल के छात्र-छात्राओं के पालक और नगर के पत्रकार बंधु सहित नागरिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गर्मी से हाल बेहाल, लोग हुए परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। इन दिनों शहर का मौसम दिन में तेज गर्मी व रात में हल्की ठंड की अनुभूति कराने वाला है। दिन व रात के तापमान में 20 डिग्री से ज्यादा का अंतर देखा जा रहा है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। लोग तेजी से वायरल फीवर की चपेट में आ रहे। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री व सुबह का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह के वक्त तापमान कम होने के कारण हल्की ठंड का एहसास हो रहा था। वहीं दोपहर होते-होते गर्मी पसीने छुटाने वाली थी। तापमान में इतने भारी अंतर से अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। गुरुवार को जिला अस्पताल के ओपीडी में लगभग 300 से अधिक मरीज पहुंचे थे। शुक्रवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद प्राइवेट क्लीनिक में मरीजों की भीड़ देखी गई। डॉक्टरों के मुताबिक अधिकांश मरीज सर्दी व खांसी और बुखार के हैं। यह मौसम की मार है। इस मौसम में सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डॉक्टरों ने अचानक से ठंडे पेय का सेवन शुरू करने से मना किया है। इसके अलावा दिन में भी कूलर व एसी में तापमान बिल्कुल कम कर रहना भी घातक साबित हो सकता है। कोरोना के डर के बीच वायरल ने बढ़ाई चिंता मौसमी बीमारियों के लक्षण व कोरोना के लक्षण मिलते जुलते हैं। मौसमी बीमारियों में भी सर्दी-खांसी व बुखार की समस्या पैदा हो रही है। इसलिए अधिकांश लोग मौसम की मार से बीमार पड़ने पर भी चिंता में पड़ जा रहे हैं। डॉक्टरों ने कहा है कि बेवजह की चिंता में पड़ने से बेहतर है।

महिलाओं को आय मूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने के लिए किया प्रोत्साहित

कलेक्टर ने किया ग्राम लछनपुर और झझपुरीकला के गौठान का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर द्वारा जिले का लगातार भ्रमण कर राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम लछनपुर और झझपुरीकला पहुंचकर वहां राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के तहत निर्मित गौठानों में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व बिक्री, डबरी निर्माण तथा बाड़ी विकास योजना के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम लछनपुर में स्थापित गौठान में निर्मित वर्मी टांका का मरम्मत, शेड निर्माण, निर्मित डबरी की साफ-सफाई कर मछली पालन, मुर्गी पालन हेतु समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित करने तथा सामुदायिक बाड़ी विकास के अंतर्गत ड्रिप इरिगेशन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने ग्राम झझपुरीकला के गौठान में गायत्री स्वसहायता समूह द्वारा की जा रही कड़कनाथ

मुर्गीपालन कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा एग इंक्यूबेटर (अण्डा सेकने की मशीन) की मांग की गई। कलेक्टर ने उनकी मांग पर पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा महिलाओं की समृद्धि के लिए गौठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को आयमूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में हुआ पैरालीगल वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा बीपी वर्मा के निर्देशानुसार, शीतल निकुंज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में जिला न्यायालय कोरबा के विडियो कान्फ्रेंसिंग हाल में पैरालीगल वालीण्टियर्स की दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैनल मानसिंह यादव एवं मुकेश दिवाकर, परिवीक्षा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग कोरबा ट्रेनर रहे। कार्यक्रम में सचिव शीतल निकुंज ने अपने उद्बोधन में कहा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कार्य ग्रामीण इलाके के अंतिम छोर तक जहां लोगो का आना जाना ना हो वहां तक कानूनी जागरूकता लाना है। जिसमें पैरालीगल वालीण्टियर्स की भी अहम भूमिका होती है। ग्रामीण इलाके के अंतिम छोर तक कानूनी जागरूकता लाने के कार्य को सफल करने हेतु पैरालीगल वालीण्टियर्स के प्रशिक्षण कार्य में पैरा विधिक सेवा समिति, विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवेदक-आवेदिका को प्राधिकरण तक आवेदन हेतु संपर्क स्थापित करवाना, साथ ही नि:शुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक शर्त जैसे- ऐसे आवेदक जिनकी आय 05 लाख से कम हो, बीपीएल परिवार का हो, आर्थिक स्थिति अच्छी न हो, महिलाएं हो, आदि के बारे में बताया गया। साथ ही वृद्धापेंशन, वरिष्ठ नागरिक को लाभ दिलाने, नालसा हेल्पलाईन नं 15100 एवं वरिष्ठजनों के लिए विधिक सहायता हेतु टोल फ्री नं 14567, मजदूरी अधिनियम के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज न कर रही हो तो कार्यवाही करने की प्रक्रिया, समाज कल्याण संबंधी योजना जैसे राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, दिव्यांग-नि:शक्तजन संबंधी योजना, सूचना का अधिकार, नेशनल लोक अदालत, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, महिलाओं के अधिकार, पैरालीगल वालीण्टियर्स के कार्य एवं उनके कार्यक्षेत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मुकेश दिवाकर, परिवीक्षा अधिकारी, समाज कल्याण विभाग कोरबा द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे आमजनों के लिये चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाये जाने में पैरालीगल वालीण्टियर्स कैसे अपना योगदान प्रदान कर सकते है, की जानकारी प्रदान की। पैनल मानसिंह यादव द्वारा मजदूरी अधिनियम, बाल श्रमिक अधिनियम, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण 2005, मोटर वेहिकल एक्ट, पारिवाद क्या है और क्यूँ दायर किया जाता है, अरेस्ट, प्री-अरेस्ट, रिमाण्ड स्तर पर विधिक सहायता संबंधी एवं एफआईआर की मूलभूत जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण कार्य संपन्न किया गया।

बालको के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों से लगभग 5 हजार लोग हुए लाभान्वित

कोरबा/नवप्रदेश। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने हेल्पएज इंडिया के सहयोग से चलित स्वास्थ्य इकाई संचालित की है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम की इस परियोजना से कोरबा के 45 ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लगभग 5000 नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। पूर्व निर्धारित तीन स्थानों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं जहां जरूरतमंदों का नि:शुल्क उपचार किया जाता है। 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर संचालित चलित स्वास्थ्य इकाई में एमबीबीएस डॉक्टर के साथ अन्य प्रशिक्षित चिकित्साकर्मी सेवाएं दे रहे हैं। जरूरतमंदों को नि:शुल्क परामर्श और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की सुविधा इकाई में मौजूद है। सामान्य बीमारियों के लिए दवाइयां नि:शुल्क दी जाती हैं। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो बिस्तर से उठ पाने में असमर्थ हैं, उन्हें स्वास्थ्य इकाई में तैनात चिकित्सा दल द्वारा घर पर जाकर चिकित्सा मुहैया कराई जाती हैं। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को पोषाहार एवं स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया जा रहा है। रूगबहरी में 29 मार्च, 2022 को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में

पंजीकृत लगभग 200 जरूरतमंदों का उपचार किया। मधुमेह, रक्तचाप एवं रक्त संबंधी अनेक परीक्षण किए गए। ग्राम पंचायत रूगबहरी की सरपंच श्रीमती चंदा मंझवार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता कम है। इसकी वजह से ग्रामीणों क्षेत्रों में नागरिकों के बीमार होने की दर अपेक्षाकृत अधिक होती है। चूंकि उनके पास संसाधनों की कमी होती है इसलिए ज्यादातर वे नीम-हकीमों के प्रभाव में आकर गलत इलाज का शिकार बन जाते हैं। बालको द्वारा संचालित 'उपचार आपके दरवाजे' कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए वरदान की तरह है। उन्होंने रूगबहरी में वृहद स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए बालको प्रबंधन को साधुवाद दिया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि चलित स्वास्थ्य इकाई से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को मदद मिल रही है। नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना बालको प्रबंधन की प्राथमिकता है। चलित स्वास्थ्य इकाई से ग्रामीणों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को लाभ मिल रहा है। सभी के एकजुट प्रयासों से समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। हेल्पएज इंडिया के छत्तीसगढ़ प्रमुख शुभांकर बिस्वास ने कहा कि बालको के नेतृत्व में हेल्पएज इंडिया ने जरूरतमंदों को उनके घर तक बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि बालको और हेल्पएज इंडिया की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के प्रसार में मदद मिल रही है। उन्होंने परियोजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए बालको प्रबंधन के प्रति आभार जताया।

हनुमान मंदिर में गुंबज निर्माण शुरू, बढ़ जाएगी रौनकता व विशालता

बालोद/नवप्रदेश। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर कमरौद में अब गुंबज निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया है। दानदाताओं व शासन प्रशासन की मदद से मंदिर समिति ने गुंबज निर्माण शुरू किया है। इसके लिए 5 ईंटे रखकर हनुमान मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना की गई। सुरक्षित व मजबूती से निर्माण की कामना की गई। दानदाताओं की मदद से ही यहां नए मंदिर का निर्माण किया गया है। अब गुम्बज निर्माण से इस मंदिर की भव्यता और बढ़ जाएगी। मंदिर समिति के सचिव केश कुमार ठाकुर ने बताया कि विगत दिनों यहां छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची काली मां की प्रतिमा का निर्माण व स्थापना किया गया है। जिसके चलते इस बार महाशिवरात्रि मेला में अब तक की ऐतिहासिक भीड़ भी उमड़ी थी। काली प्रतिमा को देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचे हुए थे। अब गुंबज बनने के बाद यहां की रौनकता और विशालता और बढ़ जाएगी। सचिव केश ठाकुर ने बताया कि गुंबज निर्माण में लगभग 25 से 30 लाख की लागत आएगी। जिसमें उन्होंने दानदाताओं से आर्थिक मदद की अपील की है। शासन प्रशासन से कुछ सहयोग मिला है लेकिन अभी और ज्यादा दान राशि की आवश्यकता है।

ताकि मंदिर को और भव्य रुप दिया जा सके और धार्मिक आस्था के केंद्र बिंदु मंदिर प्रांगण को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। बता दें कि हनुमान मंदिर की खासियत छत्तीसगढ़ में विशिष्ट है। यह दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर है। जहां जमीन से भूमि फ ोड़कर हनुमान की मूर्ति निकली हुई है। लोगों की मान्यताओं के अनुसार प्रारंभ में यह मूर्ति छोटी थी धीरे-धीरे इसका आकार बढ़ता गया। कमरौद सहित सांकरा पिरिद व आसपास के लोगों ने धीरे-धीरे इस जगह को धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया और देखते-देखते इस जगह की प्रसिद्धि बढ़ गई है कि छत्तीसगढ़ में एक विशिष्ट धार्मिक स्थल के रूप में इस जगह का नाम है।

नवरात्रि में जलेंगे मनोकामना जोत

हर साल दोनों नवरात्रि पर यहां मंदिर में मनोकामना जोत जलाए जाते हैं। तो वहीं 9 दिनों तक धार्मिक आयोजन होते हैं। इसकी तैयारी में भी मंदिर समिति जुटी हुई है। मंगलवार को 11 बजे श्री हनुमान मंदिर ग्राम कमरौद में हनुमान जी के चरणों पर पांच ईंट रख कर मंदिर पुजारी दुर्गा प्रसाद पांडे द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गुम्बज निर्माण का कार्य आरंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कौशल प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष उमेद सिंह चंद्रवंशी, सचिव केश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष पुनीत राम साहू, अशोक कुमार ठाकुर व गुम्बद निर्माण मिस्त्री पोखराज सिंह निषाद मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर बदला गया, विद्युत सप्लाई चालू

लो-वोल्टेज की समस्या हुई दूर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रसेला के टेम्पापारा में खराब ट्रांसफ ार्मर बदलकर 12 मार्च से विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई है। इससे गांव में लो-वोल्टेज की समस्याएं समाप्त हो गई है। समस्या का समाधान होने से ग्रामवासी खुश है। ज्ञात हो कि विगत दिवस लो-वोल्टेज से परेशान ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल गांव में सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई हेतु आवश्यक पहल करने निर्देशित किया। सीएसपीडीसीएल उप संभाग छुरा के सहायक अभियंता ने बताया कि ग्राम पंचायत रसेला के टेम्पापारा में खराब ट्रांसफ ार्मर को 12 मार्च को बदल कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई है, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान हो गया है तथा वर्तमान में विद्युत सप्लाई सामान्य हो गई है।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

विकास कार्यो को लेकर बीजेपी-कांग्रेस हमलावर

खैरागढ़-छुईखदान/नवप्रदेश। खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर बीजेपी-कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। विकास कार्यो को लेकर दोनों ही पार्टी एक-दूसरे पर हमलावर है। भाजपा जहां अपने 15 साल के विकास कार्यो को लेकर बखान कर रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस अपने पिछले साढ़े 3 सालों के कार्यो को लेकर जनता के बीच पहुंच रही है। खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस एवं भाजपा दोनों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना है। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं चुनावी समर की बागडोर संभाल रहे। कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, समता-समानता और बंधुत्व के साथ जिस मूल मंत्र के साथ उत्प्रेरित कर चुनावी रण को फतह करने की कवायत में जुट गई है। कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, भूमिहीन कृषि न्याय योजना, नरवा-घुरवा बाड़ी योजना समेत योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने जिम्मेदारी दी है। दूसरी तरफ भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं की जमीनी हकीकत बयां करने के लिए मैदान में उतार दिया है। भाजपा नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार को माफि या राज कहकर रेत माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगा रही। तीन वर्षों से छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास कार्य रोकने, शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने में झूठा वायदा करने, शराबबंदी की जगह पहुंच सेवा शुरू करने का आरोप लगाकर प्रचार में जुटी है। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस शासन को झूठा निरूपित करते हुए कहा गया कि कांग्रेस द्वारा खैरागढ़ में बताने लायक कोई कार्य नहीं किया गया है। इस बार उपचुनाव में कोमल जंघेल जो पूर्व में दो बार विधायक का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं उन्हें पुनः विजय दिलाना है। खैरागढ़ विधान सभा क्षेत्र की जनता इस बार इस बार कांग्रेस को सबक सिखाने आतुर है। वहीं जनता दल जोगी के प्रत्याशी भाजपा एवं कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा गया कि खैरागढ़ विधानसभा में जो विकास कार्य हुए है उसका श्रेय जनता जोगी कांग्रेस विधायक दिवेगत देवव्रत सिंह को जाता है। क्या जनता जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह के नाम एवं काम का फायदा उठा पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

सांसद से बुजुर्गों और पत्रकारों को रेलवे द्वारा दी जाने वाली सुविधा बहाल करने पार्षद ने की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल से दूरभाष पर रेलवे द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को ट्रेन किराये में दी जाने वाली रियायतें पुनः बहाल कराने का आग्रह किया है। लोकसभा सत्र होने की वजह से सांसद विजय बघेल दिल्ली प्रवास पर हैं, पूर्व एल्डरमैन ने फोन पर उन्हें बताया कि कोरोना की वजह से मार्च 2020 से स्थगित की गई रियायतें आज तक निलंबित हैं,उम्र और सुविधा का ख्याल रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को लोअर बर्थ अलॉट किया जाता था जिसका लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रही, अधिकतर वरिष्ठ नागरिक पूरा किराया वहन करने में सक्षम नहीं होते हैं, कई घरों में सीनियर सिटीजन को एक अतिरिक्त सदस्य के रूप में माना जाता है, उनकी अपनी कोई आय नहीं होती है, टिकटों में रियायतों से उन्हें कहीं आने-जाने में मदद मिलती है। 60 से अधिक उम्र के पुरूष एवं 58 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को रेलवे में सीनियर सिटीजन की कैटेगरी में रखा जाता है, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो समेत सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में पुरुषों को बेस फेयर में 40 फीसदी और महिलाओं को 50 फीसदी की छूट दिया जाता था। रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें सीनियर सिटीजन के लिए बेहद आवश्यक है तथा कोविड की दूसरी लहर के बाद रेलवे की लगभग सभी ट्रेनों को सौ फीसदी क्षमता से चलाया जा रहा है तथा दिव्यांगों के रियायती टिकट को बहाल किया गया पर बुजुर्गों और पत्रकारों के रियायती टिकट को बहाल नहीं किया गया। इसलिए पूर्व एल्डरमैन ने इसे पुनः बहाल कराने की अपील सांसद विजय बघेल से किया है। जिस पर सांसद विजय बघेल ने पूर्व एल्डरमैन को आश्वस्त किया है कि वे इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जल्द ही निराकरण का पूर्ण प्रयास करेंगे जिससे भविष्य में सीनियर सिटीजन एवं पत्रकारों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

विधायक के नेतृत्व में दुर्ग में महंगाई के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन

- **वोरा ने बाइक को पहनाई माला, सायकल से निकले ब्लाकों के प्रदर्शन में**

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के आह्वान पर दिल्ली से लेकर राजधानी रायपुर तक कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा महंगाई मुक्त भारत के लिए बढ़ती महंगाई के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। दुर्ग में भी वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा अनूठा प्रदर्शन किया गया। वोरा ने सबसे पहले अपने निवास पर ही मोटर सायकिल एवं सिलिंडर को माला पहनाई एवं उसके बाद कार्यकर्ताओं समेत सायकल से ही अलग अलग स्थानों पर ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में शामिल होने निकल पड़े। जहां जगह जगह पर महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने थाली और खाद्य तेल के टिन बजा कर केंद्र की बहरी सरकार को जगाने का प्रयास किया। वोरा ने मोदी सरकार की विफल नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सिर्फ पोस्टर, बैनर एवं प्रचार तंत्र से सरकार चलाई जा रही है। पेट्रोल डीजल, घरेलू गैस, खाद्य तेल समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। कमर तोड़ महंगाई से मध्यम वर्ग का जीना मुहाल हो गया है। चुनावी समय में सरकार जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से पेट्रोल डीजल की कीमतों को काबू में रखने का खेल रचती है और चुनाव सम्पन्न होने के बाद से हर दिन कीमतें बढ़ने लगती हैं। जनता अब भाजपा के चाल चरित्र और चेहरे को भली भांति पहचान चुकी है। लोग अब यूपीए सरकार के कार्यशैली एवं आर्थिक प्रबंधन को याद कर रहे हैं। देश भर में अब जनता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाले छत्तीसगढ़ विकास मॉडल को लागू करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आम जनता को सशक्त बनाने हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लगातार बढ़ाई जा रही महंगाई से लड़ने लोग सक्षम हो सकें। विरोध प्रदर्शन के दौरान पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, निगम महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला अध्यक्ष गया पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

गर्मी से मिलेगी स्कूली बच्चों को राहत

सुबह 7:30 बजे से स्कूल लगाने आदेश जारी

बालोद/नवप्रदेश। तपती गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर सुबह स्कूल लगाने को लेकर आदेश जारी कर दिया है। लगातार पालको व शिक्षक संगठन की ओर से इस संबंध में मांग की जा रही थी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने भी इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्कूल सुबह लगाने की मांग की थी तो वहीं मार्च के अंतिम हफ्ते बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह फैसला लिया गया और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें सभी स्कूलों में सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक स्कूल लगाने कहा गया है। सोमवार से शनिवार तक इसी निर्धारित समय में स्कूल लगेंगे। आदेश में फिलहाल हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफि केट ओपन स्कूल परीक्षा जारी होने के कारण परीक्षाओं का समय पूर्व समय सारणी के अनुसार रखा गया है। तो वहीं परीक्षाएं संपन्न होने के बाद वहां भी सुबह 7:30 बजे स्कूल लगाने की बात कही गई है। वहीं आदेश में प्राइमरी और मिडिल स्कूल को लेकर स्पष्ट सुबह स्कूल लगाने की बात कही गई है। तो ऐसे स्कूल जहां कक्षा दो पाली में संचालित होती है वहां स्कूल संचालन का समय पूर्ववत ही रहने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर के अनुमोदन पर उक्त आदेश जारी किया गया। इस आदेश के जारी होने पर शिक्षकों ,बच्चों व पालको ने भी राहत की सांस ली है। 1 अप्रैल से इस नए समय के अनुसार शाला का संचालन होगा। बढ़ते हुए गर्मी के कारण शैक्षणिक समय सारिणी को बदला गया है।

टीचर्स एसोसिएशन ने लिखा था पत्र

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने बताया था कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी, तापमान में वृद्धि के चलते विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है व तापमान में निरंतर वृद्धि के कारण अन्य जिलों में भी प्रातः कालीन स्कूल संचालन निर्देश जारी किए जा रहे हैं। जिसे देखते हुए जिले में भी सभी स्कूलों में प्रातः कालीन स्कूल को संचालित करने निर्देश जारी करने की मांग की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सुबह स्कूल को लेकर आदेश जारी करने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग सहित जिला प्रशासन का आभार जताया।